# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 06 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 7 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 121 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ साहित्यिक जागरण के अग्रदूत

सलमान की सुरक्षा बढ़ी! ◂◂ 6



झारखण्ड सरकार

GOVERNMENT OF JHARKHAND

# जो कहा सो किया

## हर बहना को हर साल

## ₹30,000

मंईयां सम्मान कार्यक्रम

18 से 50 वर्ष की
हर मंईयां को

## ₹2,500
प्रति माह

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

दिनांक : 06 जनवरी 2025

समय : 12:30 बजे अपराह्न

स्थान : ट्रेनिंग ग्राउण्ड, खोजाटोली (कुटियातु चौक),
नामकुम, राँची

योजना से संबंधित वीडियो देखने के लिए
QR CODE को स्कैन करें



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-343613(IPRD)24-25

# सर्दी का सितम, उत्तर-पश्चिमी हवाओं ने बढ़ाई कनकनी, यलो अलर्ट जारी

मेट्रो रेज

**रांची :** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में सर्दी का सितम जारी है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के उत्तरी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद व साहिबगंज के साथ-साथ दक्षिण पूर्वी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में घने कोहरे का असर देखने को मिलेगा। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

**कोहरा और बादल छाए रहने की संभावना :** शाम ढलते ही उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही ठंडी हवा कनकनी बढ़ा रही हैं। राजधानी रांची से कांके का न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद के अनुसार छह जनवरी को राजधानी व इसके निकटवर्ती जिलों में हल्के व मध्यम दर्जे का कोहरा एवं बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है।

अगले दो दिनों यानी छह और सात जनवरी को न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

इसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी और ठंड बढ़ेगी।

**कांके रहा सबसे ठंडा :** पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में मौसम शुष्क बना रहा। कहीं-कहीं हल्के व मध्यम दर्जे का कोहरा देखा गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा का, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.4 डिग्री सेल्सियस कांके का रिकॉर्ड किया गया।

वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम 24.6 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इन दिनों चल रही शीतलहर व कड़ाके की ठंड के कारण लोग घरों से निकलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। ठंड इतना अधिक बढ़ गया है कि सुबह से 10 बजे तक लोग घरों से नहीं निकलना चाह रहे हैं।

वहीं हर दिन शाम होते ही कपकंपाती ठंड से लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। इससे सबसे ज्यादा परेशानी मजदूरों को हो रही है, वो ठंड के कारण काम में नहीं जा रहें हैं।

इसके अलावा बड़े-बुजुर्गों को ठंड से दिक्कत हो रही है। सुबह से रात तक गर्म कपड़े पहनकर रखने के बाद भी ठंड का असर देखने को मिलता है। ठंडी हवाओं की वजह से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को इससे राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

**ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते लोग :** बच्चों और बुजुर्गों को ठंड के मौसम में विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। घर सुबह के समय घर से बाहर निकलने से बचें।





## वृद्ध महिला का शव मिला, हत्या का आरोप

**कोडरमा :** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के मध्य पंचायत स्थित दरगाह मुहल्ला के पीछे पूरब दिशा खेत में बने कुंए से रविवार को एक वृद्ध महिला का शव मरकच्चो पुलिस ने बरामद किया है. शव की पहचान मरकच्चो मध्य पंचायत के दासनगर निवासी स्व. हीरा दास की पत्नी मो गौरवा (86 वर्ष) के रूप में की गई है. इस संबंध में हीरा दास के भतीजा कृष्णा दास के द्वारा गुमशुदगी का मामला मरकच्चो थाना में शनिवार को दी गई थी. ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना मरकच्चो थाना को दी गई. सूचना पाकर मरकच्चो थाना के एसआई अभिमन्यु कुमार व एएसआई बलिराम सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव को कुंआ से बाहर निकला गया व पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया है. वहीं घटना को लेकर मृतक गौरवा देवी की पुत्री कलावती देवी, मेघनी देवी व कमलेश देवी ने एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है. आवेदन में कहा गया है कि मेरी माँ को जान से मारकर कुंए में डाल दिया गया है. उन्होंने गोतिया यमुनी देवी पति बिरजू दास एवं उसका बेटा कृष्णा दास पर गम्भीर आरोप लगाया है।

## ट्रक और कार के बीच टक्कर, बाल बाल बचे डॉक्टर



**कोडरमा :** तिलैया थाना अंतर्गत चाराडीह स्थित झुमरी तालाब के समीप रविवार को ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हालांकि इस दौरान ट्रक चालक व कार में सवार सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं. बताया जाता है कि कोडरमा सदर अस्पताल के डॉक्टर परिमल तारा अपने कार टाटा नेक्सॉन जेच 12 पी 2814 से तिलैया से कोडरमा सदर अस्पताल जा रहे थे. पास लेने के दौरान ट्रक जेच 10 बीएस 0280 ने पीछे से टक्कर मारी जिसके कारण कार घूम गया. कार के दाहिने साइड ट्रक के चपेट में आने से कार क्षतिग्रस्त हो गया. वहीं कार में सवार सभी लोग सुरक्षित है. घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना पुलिस पहुंची और सड़क को क्लियर करवाया।

## अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी सह कोडरमा जिला कराटे संघ सचिव अनिल राम के निधन पर शोक सभा का आयोजन




**झुमरी तिलैया :** अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी सह कोडरमा जिला कराटे संघ सचिव अनिल राम के निधन पर झंडा चौक स्थित आकाश योग केंद्र में कोडरमा जिला कराटे संघ के द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें जिले के कराटे खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक मौजूद थे। मुख्य रूप से उपस्थित कोडरमा जिला कराटे संघ के अध्यक्ष सिंहान धनंजय श्रीवास्तव ने कहा कि अनिल बचपन से बहुत ही कराटे का मेधावी खिलाड़ी रहा है उसने कोडरमा जिले के लिए कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में दर्जनों पदक जीते है एवं वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर के जज की भूमिका भी निभा रहे थे। कोडरमा जिला के लिए कराटे खेल में रीड की हड्डी का कार्य कर रहे थे उनका आकस्मिक चले जाना संघ के साथ-साथ जिला राज्य एवं राष्ट्र के लिए बहुत बड़ी छती है उन्होंने अपने जीवन काल में कई कृतिमान हासिल किए और कराटे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा के सोत्र बने उनका चले जाना हम सभी के लिए अपूर्ण छती है जिसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता। मौके पर आकाश कुमार सेठ, राजेश गुप्ता, संदीप कुमार, शुभम शेखर दास,पप्पू कुमार दास, मन्नू विश्वकर्मा, रणजीत सिंह, दिलीप कुमार राणा, वीरेंद्र कराटे , ईशा गुप्ता उपस्थित थे।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, चालक गंभीर रूप से घायल

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के कंदरी चीलटोली के पास रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक की टक्कर से 65 वर्षीय वृद्ध वासुदेव साहू की मौके पर मौत हो गई। हादसे में बाइक चालक असलम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक वासुदेव साहू बेड़ो थाना क्षेत्र के केसा पुरियो गांव के निवासी थे। वर्तमान में वे अपनी बेटी और दामाद के घर, कंदरी मोड़ के पास, रह रहे थे। घटना के समय वासुदेव साहू शाम को टहलने के लिए सड़क पर निकले थे।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तुरंत रेफरल अस्पताल, मांडर पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद वासुदेव साहू को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल असलम अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारतीय जनता पार्टी कोडरमा की बैठक संपन्न

## पंचायतों एवं मण्डलों में सदस्यता अभियान को तेजी लाने की आवश्यकता : डॉ नीरा यादव



मेट्रो रेज संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा कि एक बैठक गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित पंजाबी धर्मशाला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गान प्रस्तुत कर सदस्यता अभियान की बैठक हुई बैठक कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन जिला महामंत्री शिवेन्द्र नारायण और विजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव एवं जिला प्रभारी अशोक शर्मा उपस्थित हुए। विधायक डॉ नीरा यादव ने जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए सभी सम्मानित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संचालित सदस्यता अभियान को गति पर जोर देते हुए कहा की सभी पंचायतों एवं मण्डलों में सदस्यता अभियान को तेजी लाने की आवश्यकता है। वहीं जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा भारतीय जनता पार्टी मैं हर तीन वर्ष में सदस्यता अभियान चलाया जाता है ।इस बार जो सदस्य बनेंगे वह 6 वर्ष के कार्यकाल के लिए होंगे , उनका कार्यकाल 2024 से 2030 तक होगा। पार्टी में पदाधिकारी बनने के लिए पचास सदस्य बनाना अनिवार्य है तभी आप सक्रिय सदस्य बनेंगे और पार्टी के पदाधिकारी बन सकते हैं इसलिए सभी पदाधिकारी या बूथ अध्यक्ष बनने के लिए आप मोबाइल से आनलाइन सदस्य बनें और अपने मण्डल के कार्यकताओं को सदस्यता अभियान से जोड़ने पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायें ।कोडरमा जिला प्रभारी अशोक शर्मा ने सदस्यता अभियान महापर्व बताते हुए सभी कार्यकताओं को उत्साह बढ़ाया की सदस्यता अभियान से जुड़कर पार्टी मैं अपना योगदान दें ।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतीश चन्द्रवंशी ने कहा बूथ अध्यक्ष ही मण्डल अध्यक्ष का चुनाव करते है और मण्डल अध्यक्ष जिला अध्यक्ष का चुनाव मैं भागीदारी निभाते हैं इसलिए आप अपने महत्व को समझें और सक्रीय सदस्य बनकर चुनाव में अपना योगदान दें ।संबोधन करने वालों में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी,पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह,देव नारायण मोदी,जय प्रकाश राम, राजकुमार यादव, सदस्यता कार्यक्रम के संयोजक गोपाल कुमार गुतुल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनिति सेठ, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अरसद खान, जिला मंत्री सुधीर सिंह, अनिता देवी, सूरज प्रताप मेहता, शशि भूषण प्रसाद, जिला मिडिया सह प्रभारी प्रवीण पाण्डेय जिला कार्यालय मंत्री हरि पंडित, जिला सोशल मीडिया प्रभारी विनय शांडिल्य, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी पप्पू मंडल, पियूष सहल ,एससी मोर्चा जिला महामंत्री महादेव दास, पूर्व जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, नगर मण्डल अध्यक्ष सुधीर सेठ, बालमुकुंद सिंह, राजेंद्र सिंह,

विजय राणा, द्वारिका राणा, सुनील यादव, महेश वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष किशोर पंडित, महेंद्र यादव, बिनोद सिन्हा, मुकेश मण्डल नन्द किशोर भारती, शंकर मोदी, सिकंदर साव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## धान झड़ाई के दौरान ट्रैक्टर में लगी आग, लाखों की नुकसान

**सिल्ली :** सिल्ली थाना क्षेत्र के बड़ा चांगडू गांव में रविवार को धान झड़ाई के दौरान आग लगने से थ्रेसर मशीन के इंजन और धान की फसल जलकर राख हो गई है. आगलगी की इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा चांगडू निवासी करमा मुंडा ने गांव के ही भरत चंद्र महतो का धान की झड़ाई के लिए किराए पर ट्रैक्टर लिया था. ट्रैक्टर से धान की झड़ाई के दौरान ट्रैक्टर के इंजन से उठी चिंगारी से धान की फसल में आग लग गई. आग लगते ही खलिहान में अफरा-तफरी मच गई. वहीं देखते ही देखते खलिहान में रखा करीब दो से ढ़ाई हजार बोझा से अधिक धान जलकर खाक हो गया. साथ ही ट्रैक्टर का इंजन और थ्रेसर मशीन भी जलकर राख हो गया। खलिहान से धुआं उठता देखकर ग्रामीण भागे-भागे खलिहान पहुंचे. देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई बाल्टी से पानी लाकर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज हो गई थी कि कोई कुछ भी नहीं कर सका. वहीं देखते ही देखते किसानों के सामने पूरा धान और सहित ट्रैक्टर ओर थ्रेसर जलकर राख हो गया।

## कर्तव्य पथ पर देश देखेगा झारखंड की विरासत

**रांची:** 26 जनवरी को पूरा देश दिल्ली में कर्तव्य पथ पर झारखंड की विरासत, विकास और संस्कृति की झलक देखेगा. गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर दिल्ली में झारखंड की झांकी का भी चयन किया गया है.

**झारखंड की झांकी का चयन :** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड समेत 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन किया गया है. झारखंड ने भी गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली है. इस वर्ष झारखंड की झांकी में स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के साथ ही झारखंड की समृद्ध संस्कृति, यहां का पारंपरिक नृत्य, शिक्षा के क्षेत्र में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को प्रदर्शित किया जाएगा. इससे पहले 2024 में दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी.

**देश भर से झांकियां होंगी शामिल :** झारखंड पीआरडी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था. विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद मात्र 15 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए किया गया है. चयन प्रक्रिया में झारखंड की झांकी के प्रारूप की अधिकारियों ने सराहना की है. सभी चयनित राज्यों की झांकियों को 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में तैयार कर देना है तथा 23 जनवरी 2025 को पूर्ण वेशभूषा के साथ उनका पूर्वाभ्यास भी किया जाना है।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्धजनों को निःशुल्क सहायक सामग्री वितरित

**मांडर :** मांडर प्रखंड के सुरसा पंचायत भवन में रविवार को राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्ध एवं जरूरतमंद नागरिकों को सहायक सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक, और कान के उपकरण जैसी सामग्री निःशुल्क प्रदान की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्री बंधु तिर्की को उपस्थित होना था, लेकिन उनके अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधियों ने वितरण का कार्य संपन्न किया। इस दौरान करीब 120 वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण दिए गए।सभा का संचालन दिव्यांग समाजसेवी आफताब आलम ने किया। कार्यक्रम में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर, उप प्रमुख अमानत अंसारी, और आबिद अंसारी ने अपनी बातें रखीं। कांग्रेस युवा प्रखंड अध्यक्ष शमसुल शेख ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।



इस आयोजन में सुरसा पंचायत की मुखिया फूलमनी मिंस, संस्था के अफरोज अंसारी, जाहिद अंसारी, दीप्ति आसरा समिति रांची के चंद्रमौली पांडे, और एलिंको के अभिनाश कुमार ने प्रमुख भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अबूजर अंसारी, होशे उरांव, रशीद अंसारी, पंचायत अध्यक्ष नसीम अंसारी, फिरोज अंसारी, और कांग्रेस कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

यह आयोजन वृद्धजनों के लिए सहायक सामग्री उपलब्ध कराने और उनके जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया, जो सरकार की सामाजिक कल्याण योजनाओं की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

# रामगढ़ में अपराधियों ने कोयला कारोबारी को मारी गोली

### अनिल केसरी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

मेट्रो रेज

**रामगढ़:** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने ट्रांसपोर्ट नगर में अनिल केसरी नाम के कोयला व्यापारी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है. उसे इलाज के लिए रांची ले जाया गया है. पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधी जल्द सलाखों के पीछे होंगे।

जानकारी के अनुसार, मेन रोड कुजू निवासी कोयला व्यापारी तापेश्वर केसरी उर्फ भोंदा केसरी के पुत्र अनिल केसरी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अपने कार्यालय में अपने सहयोगी संतोष केशरी, प्रदीप केशरी और मुकेश केसरी के साथ बैठकर काम कर रहे थे. इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और दो राउंड फायर किया और फरार हो गए. इस गोलीबारी में अनिल केसरी को कमर के नीचे गोली लगी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए ।



गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे और आनन फानन में अनिल को उठाकर रांची रोड स्थित निजी नर्सिंग होम ले गए. यहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर रांची रेफर कर दिया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद ही कुजू ओपी पुलिस और मांडू के सर्किल इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल से एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया. पुलिस ने कार्यालय मे लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल कर सबूत जुटा रही है।

मामले में पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कहा कि अपराधी चाहे कोई भी हो किसी हाल में उसे बक्शा नहीं जाएगा. घटना में शामिल अपराधियों की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा. इसके लिए एक एसआईटी का गठन भी कर दिया गया है।

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 06 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल 7- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 121, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ साहित्यिक जागरण के अग्रदूत

सलमान की सुरक्षा बढ़ी! ◂◂ 6


## पलामू में रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**पलामू:** जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कोसियारा और मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक से सोमवार की सुबह मोहम्मदगंज पुलिस ने संदिग्ध हालत में एक युवक का शव बरामद किया है। मृत युवक की पहचान गढ़वा जिला के कांडी थाना अंतर्गत बलियारी गांव निवासी सुजीत दुबे के 18 वर्षीय पुत्र जानसु दुबे के रूप में की गई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भेज दिया गया है।

युवक का शव कोसियारा - मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के बीच डाली गांव के पास रेलवे खंभा संख्या 352/25 र ड 4/ङ श्द के पास से बरामद किया गया है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है।

**जांच में जुटी पुलिस :** वहीं घटना की सूचना मिलते ही मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार एएसआई शेख अमानुल्लाह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल के पास एक बाइक (नंबर-जेएच 03 ए 5755) भी बरामद हुई है।

**मानसिक रूप से परेशान था युवक :** वहीं जानकारी मिलने के बाद मृत युवक को परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों के अनुसार युवक करीब छह माह से घर पर ही रह रहा था। वह कोटा राजस्थान में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता था। वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था।

**थाना प्रभारी का बयान :** वहीं इस संबंध में मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। युवक रेलवे ट्रैक पर क्यों गया था और उसकी मौत कैसे हुई इन तमाम बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है।

# पांडेय गिरोह के दो कुख्यात अपराधियों की हत्या, घर में घुसकर मारी गोली

मेट्रो रेज

**पलामूः** झारखंड के कुख्यात पांडेय गिरोह के दो अपराधियों को गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जबकि दो अन्य लोग जख्मी हैं। दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। यह घटना पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव की है। दोनों अपराधियों की पहचान पांडेय गिरोह से दीपक साव, भारत पांडेय के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

**कोयलांचल का बदला पलामू में :** दरअसल, कोयलांचल में गैंगवार की आग पलामू तक पहुंची है। कोयलांचल का कुख्यात पांडेय गिरोह से अलग होने वाले भरत पांडेय और दीपक साव को पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में गोली मार दी। जबकि इस घटना में भरत पांडेय का चचेरा भाई अंशु सिंह और ममेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया। दोनों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने 25 से भी अधिक खोखा बरामद किया है। एसपी रीष्मा रमेशन ने घटनास्थल का जायजा लिया है। सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम मौके पर कैंप कर रही है।



**ताला तोड़कर घर में घुसे थे अपराधी :** पुलिस के अनुसार आधा दर्जन के करीब अपराधी घर का ताला तोड़कर घर में घुसे थे। इसके बाद भरत और दीपक को टारगेट कर अंधाधुंध फायरिंग करने लगा। फायरिंग की आवाज सुनकर अंशु सिंह और महावीर सिंह घर से बाहर निकले। अपराधियों ने अंशु सिंह के पैर में जबकि महावीर सिंह के हाथ में गोली मारी है। जख्मी महावीर सिंह ने बताया कि भरत के मौसे के घर जन्मदिन था, जिसमें सभी लोग शामिल होने आए थे। 31 दिसंबर से दोनों पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा में पनाह लिए हुए थे।

एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों रामगढ़ के पांडेय गिरोह से जुड़े हैं। दोनों अपराधी पांडेय गिरोह से अलग हुए थे और उस पर हमला भी किया था। आशंका जताई जा रही है कि आपराधिक हत्या हुई है। पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। दोनों ने एक अलग से गिरोह खड़ा कर लिया था। दोनों पुलिस की मोस्ट वांटेड की सूची में भी शामिल था।

बता दें कि जनवरी 2022 में भरत पांडेय के चाचा अशोक पांडेय की हत्या रामगढ़ में हुई थी। हत्या का आरोप पांडेय गिरोह से जुड़े अमित बक्शी पर लगा था। बाद में भरत ने अमित बक्शी की हत्या कर दी थी। इस हत्या के बाद भरत ने एक अलग गिरोह खड़ा किया था। बाद में भरत की नजदीकी अमन साव और अमन श्रीवास्तव गिरोह से रही है। भरत में अमन साव गिरोह से जुड़े दीपक उर्फ ढुला को अपने गिरोह में शामिल किया था। दीपक ने रामगढ़ में एक होटल कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। भरत पांडेय पर अकेले रामगढ में 10 अपराध के मामले दर्ज है। अमित बक्शी हत्याकांड के बाद भरत जेल भी गया था। जेल से ही वह अपना साम्राज्य चला रहा था। 22 जुलाई 2024 को वह जेल से बाहर निकाला था। पुलिस के अनुसार दीपक और भरत पर रामगढ़ हजारीबाग रांची के इलाके में कई गंभीर अपराध के एफआईआर दर्ज है। दीपक कभी भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।

# चीन में फैला एचएमपीवी वायरस भारत पहुंचा, कर्नाटक में तीन और आठ महीने के बच्चे मिले संक्रमित, अलर्ट जारी

**बंगलूरू :** चीन में फैल रहा ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण भारत पहुंच गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (क्ळटफ) ने कर्नाटक में दो बच्चों में एचएमपीवी संक्रमण पाया है। तीन महीने की बच्ची और आठ महीने के बच्चे में संक्रमण मिला है। वहीं केस मिलने के बाद कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री ने आपात बैठक बुलाई है।

चीन में इन दिनों ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का प्रकोप देखने को मिल रहा है। वायरस से बड़ी संख्या में लोगों की जान जाने की खबरें आ रही हैं। इसे लेकर भारत में भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कड़ी निगरानी शुरू कर दी है। कई राज्यों ने एडवाइजरी और अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भारत में एचएमपीवी वायरस के दो केस सामने आए हैं।



मंत्रालय ने कहा कि बंगलूरू के बैपटिस्ट अस्पताल में तीन महीने की एक बच्ची को ब्रोन्कोन्यूमोनिया बीमारी के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बच्ची में एचएमपीवी होने की जानकारी मिली। उसे छुट्टी दे दी गई है। इसी अस्पताल में आठ महीने के बच्चे में को भी संक्रमित पाया गया। उसका तीन जनवरी 2025 को नमूना लिया गया था। बच्चे की हालत भी ठीक है। दोनों संक्रमित बच्चों और उनके परिजनों का कोई भी अंतरराष्ट्रीय यात्रा का इतिहास नहीं है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एचएमपीवी पहले से ही भारत सहित दुनिया भर में प्रचलन में है। इससे जुड़ी श्वसन संबंधी बीमारियों के मामले कई देशों में सामने आए हैं। वहीं आईसीएमआर और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) नेटवर्क के मौजूदा आंकड़ों के आधार पर देश में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) या गंभीर तीव्र श्वसन बीमारी (एसएआरआई) के मामलों में कोई असामान्य वृद्धि नहीं हुई है।

मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर नजर रखी जा रही है। आईसीएमआर पूरे वर्ष एचएमपीवी प्रचलन के रुझानों पर नजर रखना जारी रखेगा। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही चीन में किए जा रहे उपायों की जानकारी दे रहा है। इसे लेकर सभी स्वास्थ्य इकाइयां अलर्ट पर हैं।

**आंध्र प्रदेश सरकार ने जारी किया अलर्ट :** आंध्र प्रदेश सरकार ने एचएमपीवी वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया है। आंध्र प्रदेश की लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक के पद्मावती ने कहा कि यह वायरस कोविड-19 की तरह ही एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। यह मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले व्यक्तियों को प्रभावित करता है। आंध्र प्रदेश में एचएमपीवी का कोई मामला नहीं आया है। फिलहाल इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं है। एचएमपीवी से संक्रमित व्यक्तियों के निकट संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों को वायरस के संक्रमण का खतरा है। उन्होंने कहा कि यह बीमारी संक्रमित व्यक्तियों के खांसने, छींकने, छूने और हाथ मिलाने से भी फैल सकती है।

**वैक्सीन और उपचार के क्या तरीके हैं? :** मौजूदा समय में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस से बचाव के लिए कोई टीका (वैक्सीन) मौजूद नहीं है। इसके अलावा एंटी वायरल दवाइयों का प्रयोग इस पर असर नहीं डालता। ऐसे में एंटी वायरल का प्रयोग इंसानों में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम कर सकता है। इस वायरस से जूझ रहे लोगों को लक्षण हल्का करने के लिए कुछ दवाएं दी जा सकती हैं। हालांकि, वायरस को खत्म करने लायक उपचार अभी मौजूद नहीं है।

# हाईकोर्ट में उपस्थित हुई गृह सचिव, कोर्ट ने कहा- कल होमगार्ड डीजी उपस्थित हों



**रांची:** होम गार्ड के जवानों द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई सोमवार की सुनवाई के दौरान राज्य की गृह सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुई

वहीं हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एसएन पाठक की अदालत ने अगली सुनवाई में होमगार्ड के डीजी को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। इस मामले में अब कल यानी मंगलबार को सुनवाई होगी।

पिछली सुनवाई में अदालत ने राज्य सरकार को यह निर्देश दियाझा कि 25 अगस्त 2017 से होम गार्ड के जवानों को बढ़े हुए वेतन के साथ एरियर का लाभ दिया जाए इसके साथ ही अदालत ने मौखिक रूप से कहा था कि यदि 5 जनवरी तक एरियर का लाभ नहीं दिया जाता तो कोर्ट जिम्मेदार अधिकारियों पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करेगा

दरअसल 10 अगस्त को मुख्यमंत्री ने होम गार्ड के जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन देने का आदेश जारी किया है। लेकिन हाईकोर्ट ने कहा कि जब से कोर्ट ने आदेश दिया है, उसी तारीख से होमगार्ड जवानों को पुलिस कर्मियों के समकक्ष समान कार्य का समान वेतन का लाभ देना है। यह जानकारी कोर्ट में हो रही सुनवाई के दौरान उपस्थित झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने दी।

## बुद्ध एयर के इंजन में लगी आग, विमान में 76 यात्री सवार

**नई दिल्ली :** नया साल शुरू होते ही विमान दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। हाल ही में बुद्ध एयर की एक उड़ान, जिसमें 76 यात्री सवार थे, इस फ्लाइट ने काठमांडू हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की। यह घटना विमान के इंजन में आग लगने के कारण हुई, जिसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से काठमांडू हवाई अड्डे पर उतारा गया।

खुशकिस्मती से, इस हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं और कोई भी हताहत नहीं हुआ है। विमान के इंजन में आग लगने के कारण हवाई अड्डे पर आपातकालीन सेवाओं को तैनात किया गया था। इस मामले की जांच अब भी जारी है ताकि दुर्घटना के कारणों का पता चल सके। विमान ने वीओआर लैंडिंग की प्रक्रिया अपनाई और सुरक्षित रूप से हवाई अड्डे पर वापस आ गया। अब तक किसी भी प्रकार के घायल होने की खबर नहीं है।

इससे पहले 3 जनवरी को एक एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान दुबई से केरल के करीपुर हवाई अड्डे पर एक आपातकालीन लैंडिंग करने के लिए आई थी, क्योंकि इसके पायलट को हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी का संदेह था। उड़ान क344, जो करीपुर के लिए जा रही थी, औरइस विमान में 182 लोग सवार थे, जिनमें छह चालक दल के सदस्य भी शामिल थे।

## प्रशांत किशोर को पटना सिविल कोर्ट से मिली जमानत, सुबह हुई थी गिरफ्तारी

**पटना :** बिहार में इढरउ की परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के समर्थन में पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी (जसुपा) के सूत्रधार प्रशांत किशोर (पीके) को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की सुबह करीब 3-4 बजे के बीच में पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एम्स पटना में भर्ती कराया गया। एम्स, पटना कर बाहर उनके समर्थकों की भीड़ लग गई थी। समर्थक एंबुलेंस को अंदर जाने नहीं दे रहे थे। काफी संख्या में महिला समर्थक भी थीं। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर एंबुलेंस को अंदर ले जाने में सफल रही।

जानकारी के अनुसार, प्रशांत किशोर ने किसी भी तरह की जांच और अनशन तोड़ने से इनकार कर दिया है। वहीं डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में किसी भी तरह की चिंता की बात से इनकार किया है।

# फार्मूला ई-रेस मामले में पूछताछ के लिए एसीबी कार्यालय पहुंचे केटीआर

**आरोप है कि बिना मंजूरी के लिए कुछ भुगतान विदेशी मुद्रा में किया गया। इस मामले में ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में केटीआर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी ने केटीआर को पूछताछ के लिए 6 जनवरी को पेश होने का समन जारी किया था। इस मामले में ईडी ने भी 28 दिसंबर को केटीआर को 7 जनवरी को पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया हुआ है।**

**हैदराबाद :** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष और विधायक केटी रामाराव (केटीआर) सोमवार को एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) के हैदराबाद स्थित कार्यालय पहुंचे। एसीबी फामूर्ला ई-रेस मामले में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी द्वारा धन शोधन की भी जांच की जा रही है। फामूर्ला ई-रेस फरवरी 2023 में हैदराबाद में आयोजित की गई थी।

**केटीआर ने वकीलों को पूछताछ में साथ न ले जाने देने का लगाया आरोप :** पूछताछ से पहले केटीआर ने आरोप लगाया कि उनके वकीलों को एसीबी ऑफिस में उनके साथ नहीं जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'वह कानून का पालन करने वाले व्यक्ति हैं और वे माननीय उच्च न्यायालय और एसीबी के निदेर्शों का सम्मान करते हुए पूछताछ के लिए पहुंचे हैं, लेकिन मेरे वकीलों को मेरे साथ आने की इजाजत नहीं दी जा रही है। मैं सिर्फ मेरे अधिकारों की सुरक्षा करने की मांग कर रहा हूं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो रहा है।' 19 दिसंबर को एसीबी ने केटीआर के खिलाफ फामूर्ला ई-रेस मामले में कथित भुगतान को लेकर मामला दर्ज किया था। आरोप है कि बिना मंजूरी के लिए कुछ भुगतान विदेशी मुद्रा में किया गया। इस मामले में ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में केटीआर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

आरोप है कि बिना मंजूरी के लिए कुछ भुगतान विदेशी मुद्रा में किया गया। इस मामले में ईडी ने भी मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में केटीआर और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी ने केटीआर को पूछताछ के लिए 6 जनवरी को पेश होने का समन जारी किया था। इस मामले में ईडी ने भी 28 दिसंबर को केटीआर को 7 जनवरी को पूछताछ के लिए पेश होने का समन जारी किया हुआ है।

**क्या है फार्मूला ई-रेस मामला :** हैदराबाद में साल 2023 में आयोजित की गई फामूर्ला ई-रेस में हैदराबाद मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) द्वारा तेलंगाना नगर प्रशासन एवं शहरी विकास विभाग की ओर से यूके की कंपनी फामूर्ला ई-ऑपरेशंस को करीब 45 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। एमएयूडी के प्रधान सचिव ने इन भुगतान में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एसीबी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि मुख्यमंत्री की मंजूरी के बिना भुगतान किया गया। साथ ही विदेश में फंड ट्रांसफर के लिए रिजर्व बैंक की भी मंजूरी नहीं ली गई। विदेश भेजे गए फंड की वजह से आयकर विभाग का भी करीब आठ करोड़ रुपये बकाया है।

### दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली गारंटी

## प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपये

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेश कांग्रेस ने अपनी पहली गारंटी सोमवार को जारी की है। कांग्रेस ने प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा, प्रदेश महिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह व राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने संयुक्त रूप से योजना को जारी किया है। इस दौरान देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में एक सपनों का सौदागर बैठा हुआ है, जो वादे तो खूब करता है, लेकिन उन्हें पूरा करने में विफल रहता है, लेकिन कांग्रेस हमेशा अपनी बात को पूरा करती है। लोग भी इसीलिए पार्टी पर भरोसा करती है। उन्होंने आगे कहा कि जब दिल्ली में केजरीवाल अपनी कोई योजना लागू नहीं कर पाते तो केंद्र सरकार और एलजी पर रुकावट डालने का आरोप लगाते हैं, लेकिन पंजाब में तो उनकी पूर्ण राज्य वाली सरकार है, वहां पर वह क्यों नहीं महिलाओं को अभी तक महिला सम्मान राशि क्यों नहीं दे पाएं? सच तो यही है कि उनकी नीयत में खोट है।

इसी क्रम में कांग्रेस नेत्री अलका लांबा ने कहा कि केजरीवाल अपनी शीशमहल में तो जनता के टैक्स का पैसा लगाते हैं, लेकिन महिलाओं को कुछ नहीं देती। अगर पंजाब की महिलाएं उनसे जवाब मांगती है तो आप सरकार उन्हें कांग्रेसी कह देती है। दिल्ली की परमानेंट समस्याओं को कोई टेम्परेरी सरकार या सीएम नहीं सुलझा सकती। इस बार दिल्ली में कांग्रेस की परमानेंट सरकार बनेगी और पहली कैबिनेट मीटिंग में ही इस योजना को मंजूरी देकर पहली मार्च से ही महिलाओं के खाते में यह राशि डालना शुरू कर देगी।

**कांग्रेस के 30 से अधिक वरिष्ठ नेता संभालेंगे मोर्चा :** दिल्ली विधानसभा चुनाव की लगातार बढ़ रही सरगर्मियों के बीच कांग्रेस ने भी अपनी तैयारी को पुख्ता किया है। एक तरफ वार रूम से प्रत्याशियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आप और भाजपा को मुंहतोड़ दवाब देने के लिए 30 से अधिक वरिष्ठ नेताओं को भी मैदान में उतारा जा रहा है।

## सुविचार

**सच्ची सफलता वही है जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त किया जाये**

## स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

**शिक्षा मंत्रालय** के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है? भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लेटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है। भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है। भारत के 60 प्रतिशत स्कूलों में भी कंप्यूटर उपलब्ध नहीं हैं और इंटरनेट की सुविधा वाले स्कूलों की संख्या 50 प्रतिशत से भी कम है। आज के समय में जब हमें बड़े पैमाने पर कुशल कामगारों की जरूरत पड़ेगी, तब किसी का कंप्यूटर शिक्षा से वंचित होना बहुत महंगा पड़ेगा। आज के समय में हर छात्र या हर नागरिक को कंप्यूटर और इंटरनेट का सामान्य ज्ञान होना ही चाहिए। कंप्यूटर आज के समय में विलासिता नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य जरूरत है। नया भारत बनाने के लिए शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षा के जरिए ही देश का विकास होता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। हालांकि, कई स्कूल अभिभावकों और छात्रों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए संघर्ष करते हैं। इन संघर्ष की स्थितियां का नियंत्रित होना जरूरी है। इसी से भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था एवं विश्व गुरु होने का दर्जा पा सकेगा। क्योंकि शिक्षा दृष्टि और दृष्टिकोण को बढ़ाती है, जिससे समाज में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। इससे उन्नत एवं चरित्रसम्पन्न नागरिकों का निर्माण होता है एवं देश विकास की ओर अग्रसर होता है। सामाजिक न्याय के क्षेत्र में प्रगति करने की इच्छा भी बढ़ती है, अन्याय, भ्रष्टाचार, हिंसा, असमानता और सांप्रदायिकता आदि से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। शिक्षा एक ऐसे लोकतंत्र को सुनिश्चित करती है जिसमें एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज शामिल हो। यह आर्थिक रूप से वंचित समूहों के उत्थान में भी मदद करता है और कई नौकरी और रोजगार के अवसरों का निर्माण सुनिश्चित करता है। एक सभ्य शिक्षा प्रणाली विचारों, ज्ञान और अच्छी प्रथाओं का शांतिपूर्ण आदान-प्रदान सुनिश्चित करती है। यह अपराध और आतंकवाद को कम करने में मदद करता है; इस प्रकार, कानून और व्यवस्था के मुद्दों को नियंत्रण में रखा जाता है। एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय और सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने के साथ-साथ भाईचारे की भावना को बढ़ाने में मदद करती है।

# साहित्यिक जागरण के अग्रदूत

वे बालवय से ही कविता लेखन करने लगे थे । यह उनकी विलक्षण प्रतिभा ही थी कि वे किशोर वय में ही 'बाल विबोधिनी' पत्रिका, 'हरिश्चंद्र पत्रिका' और 'कविवचन सुधा' पत्रिकाओं के संपादन से जुड़ गए थे । उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में 'कवि वचन सुधा'' पत्रिका का प्रकाशन आरंभ कर दिया था । उस समय के भारत के ऐसे कोई प्रतिष्ठित विद्वान और साहित्यकार नहीं जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में प्रकाशित न हुई हों।

**(पुण्यतिथि/06जनवरी 1885/विशेष/भारतेन्दु हरिश्चन्द्र)**

**रमेश शर्मा**

अंग्रेजी राज से भारत की मुक्ति के लिए एक ओर सशस्त्र और अहिंसक आंदोलन हुए, वहीं सामाजिक और साहित्यिक जागरण के अभियान भी चले। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ऐसे साहित्यकार थे, जिन्होंने 1857 की क्रांति की विफलता के बाद समाज का मनोबल बढ़ाने के लिए हिन्दी जागरण का अभियान चलाया । परिवार ने उनका नाम हरिश्चन्द्र ही रखा था। साहित्य की अद्भुत साधना के लिए उन्हें 'भारतेन्दु' अर्थात 'भारत का चन्द्र' उपाधि से विभूषित किया गया । उन्होंने अपने सम्मान को नाम के आगे लिखा और 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र' के नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने जब होश संभाला तब भारतीय समाज जीवन, हिन्दी साहित्य, और हिन्दी भाषा विषमता से गुजर रही थी । 1857 की क्रान्ति की विफलता के बाद समाज का मनोबल टूटा हुआ था । विदेशी लेखक ही नहीं अनेक भारतीय मनीषी भी अंग्रेजी में साहित्य रचना करने लगे थे।

ऐसे वातावरण में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने होश संभाला। और स्वभाषा में रचना करने का अभियान चलाया । उन्होंने स्वयं भी अवधी, ब्रज भाषा और हिन्दी विशेषकर खड़ी बोली में साहित्य रचना आरंभ की अपितु अन्य लेखकों को भी प्रोत्साहित किया। साहित्य जगत के गरिमामय जिस स्थान पर आज हिन्दी खड़ी बोली प्रतिष्ठित है । इसमें भारतेन्दु हरिश्चन्द्र महत्वपूर्ण योगदान है । घर में साहित्य का वातावरण था। इसका प्रभाव उनके आंख खोलते ही पड़ा। वे बचपन से तुकबंदी करके कविता करने लगे और आसपास घटी घटनाओं की कहानी बनाकर सुनाने लगे थे । सात वर्ष की आयु तक उनकी रचनाएं परिष्कृत होने लगीं थीं । ये रचनाएं उपलब्ध भी हैं। उन्होंने गद्य, पद्य, कहानी और व्यंग्य ही नहीं, नाटक भी लिखे । उन्हें आधुनिक नाट्य रचना का पितामह कहा जाता है। उनकी रचनाओं में तत्कालीन सामाजिक परिस्थिति में समाज जीवन के वातावरण दासत्व एवं गरीबी का दर्द, शोषण की असहनीयता और पिछड़ेपन पर समाज का ध्यानाकर्षण है ।

उन्हें नव जागरण का कल्पनाकार भी माना जाता है । उनकी जीवन यात्रा कुल पैंतीस वर्ष रही । अपनी इस अल्पजीवन यात्रा में भारतेन्द ने संसार के सामने लगभग सभी साहित्य विधाओं पर इतनी रचनाएं की। इससे लगता है वे प्रकृति से अतिरिक्त प्रज्ञा लेकर संसार में आए थे । ऐसे विलक्षण और दूरदर्शी साहित्य विधा के पुरोधा पुरुष भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म 09 सितंबर 1850 को उत्तर प्रदेश के बनारस में हुआ था । घर में बालक ने जन्म लिया तो परिवार ने नाम हरिश्चन्द्र रखा । आर्थिक रूप से उनके परिवार की पृष्ठभूमि बहुत समृद्ध थी । बनारस के प्रमुख धनी परिवारों में गणना होती थी। पिता गोपाल चन्द्र भी अपने समय के प्रसिद्ध कवि थे । घर में हिन्दी और साहित्य दोनों का वातावरण था । बालक हरिश्चन्द्र बचपन से ही बहुत कुशाग्र बुद्धि और कल्पनाशील थे । उनकी स्मरण शक्ति भी अद्भुत थी । जब पांच वर्ष के हुए तो माता का निधन हो गया । इनकी देखभाल दादी ने की । और जब दस वर्ष के हुए तो पिता का भी निधन हो गया ।

वे बालवय से ही कविता लेखन करने लगे थे । यह उनकी विलक्षण प्रतिभा ही थी कि वे किशोर वय में ही 'बाल विबोधिनी' पत्रिका, 'हरिश्चंद्र पत्रिका' और 'कविवचन सुधा' पत्रिकाओं के संपादन से जुड़ गए थे । उन्होंने केवल 18 वर्ष की आयु में 'कवि वचन सुधा'' पत्रिका का प्रकाशन आरंभ कर दिया था । उस समय के भारत के ऐसे कोई प्रतिष्ठित विद्वान और साहित्यकार नहीं जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में प्रकाशित न हुई हों। भारतेन्दु को भारत की विविध भाषाओं का ज्ञान था । इनमें अवधि, ब्रजभाषा, बंगला, मराठी, गुजराती, उर्दू और संस्कृत भाषा भी थी । उनका साहित्य लेखन लगभग सभी भाषाओं में हुआ । लेकिन हिन्दी खड़ी बोली और ब्रजभाषा में अधिक। उन्होंने केवल सत्रह वर्ष की आयु में बांग्ला भाषा के लोकप्रिय नाटक 'विद्या सुन्दर' का खड़ी बोली में अनुवाद किया । इसका मंचन हुआ । फिर खड़ी बोली में स्वयं अपनी नाट्य रचनाएं भी आरंभ की । उनके नाटकों की कथावस्तु और पात्रों का चयन उनका अपना अनुभव होता था । वे बहुत संवेदनशील स्वभाव के थे । जो वो देखते थे वह घटनाक्रम उनके मष्तिष्क में स्थाई स्वरूप ले लेता था और वही नाटकों में रूपांतरित हो जाता था । इन नाटकों का भी मंचन हुआ ।

इसीलिए उन्हें हिन्दी थियेटर का पितामह भी कहा जाता है । उनकी साहित्य विधा से प्रभावित काशी के विद्वानों ने उन्हें भारतेन्दु की उपाधि से विभूषित किया । तब उनकी आयु मात्र तीस वर्ष की थी । साहित्य में उनके अद्भुत योगदान और उनसे प्रेरित तत्कालीन साहित्यकारों द्वारा रचित रचनाओं के कारण ही उनके जीवनकाल को 'भारतेन्दु युग' के रूप से जाना जाता है। होश संभालते ही अपने जीवन के प्रत्येक क्षण हिन्दी साहित्य को समर्पित करने वाले भारतेंदु ने 06 जनवरी 1885 को अंतिम सांस ली।

उनकी रचनाओं में विविधता है । इसमें भक्ति, श्रृंगार और निर्वेग की रचनाएं भी हैं। इनमें दोहा, चौपाई और छंद भी हैं। उनकी भाषा परिष्कृत और शुद्ध है । भारतेन्दु को स्वभाषा, अपनी परंपरा, विरासत और भारत राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा थी । इसकी झलक उनकी साहित्य रचनाओं में है । वे सुधारवादी थे। उनकी रचनाओं में सामाजिक समस्याओं और कुरीतियों के उन्मूलन का स्पष्ट संदेश है । उन्होंने अपने जीवन काल में कुल 72 ग्रंथों की रचना की । उनकी प्रत्येक रचना कालजयी है । यद्यपि भारतेन्दु का रचना संसार लगभग सभी भाषाओं में है फिर भी ब्रजभाषा में उनकी रचनाएं असाधारण हैं। इन रचनाओं में अदभुत श्रृंगार है। इनका साहित्य प्रेममय था। इनमें 'सप्त संग्रह' और 'प्रेम माधुरी' प्रमुख रचना है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत में तेज गति से बढ़ती बिलिनेयर की संख्या

पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में उक्त वर्णित बिलिनेयर की सम्पत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई हैं। जबकि अमेरिका में बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है।

**पी सबनानी**

भारत में आर्थिक प्रगति की दर लगातार तेज होती दिखाई दे रही है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर भी अन्य देशों की तुलना में द्रुत गति से आगे बढ़ रही है। भारत आज विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है तथा शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत का वैश्विक व्यापार भी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, भारत आज अर्थ के क्षेत्र में पूरे विश्व में एक चमकते सितारे के रूप उभर रहा है। लगातार तेज तो रही आर्थिक प्रगति का प्रभाव अब भारत में नागरिकों की औसत आय में हो रही वृद्धि के रूप में भी दिखाई देने लगा है।

हाल ही में अमेरिका में जारी की गई यूबीएस बिल्यनेर ऐम्बिशन रिपोर्ट के अनुसार भारत में बिलिनेयर (अतिधनाडयों) की संख्या 185 तक पहुंच गई है और भारत विश्व में बिलिनेयर की संख्या की दृष्टि से तृतीय स्थान पर आ गया है। प्रथम स्थान पर अमेरिका है, जहां बिलिनेयर की संख्या 835 हैं एवं द्वितीय स्थान पर चीन है जहां बिलिनेयर की संख्या 427 है। इस वर्ष भारत और अमेरिका में जहां बिलिनेयर की संख्या में वृद्धि हुई है वहीं चीन में बिलिनेयर की संख्या में कमी आई है। अमेरिका में इस वर्ष बिलिनेयर की सूची में 84 नए बिलिनेयर जुड़े हैं एवं भारत में 32 नए बिलिनेयर (21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ) जुड़े हैं तो वहीं चीन में 93 बिलिनेयर कम हुए हैं। पूरे विश्व में आज बिलिनेयर की कुल संख्या 2682 तक पहुंच गई है जबकि वर्ष 2015 में पूरे विश्व में 1757 बिलिनेयर थे। भारत में वर्ष 2015 की तुलना में बिलिनेयर की संख्या में 123 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। बिलिनेयर अर्थात



वह नागरिक जिसकी सम्पत्ति 100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गई है अर्थात भारतीय रुपए में लगभग 8,400 करोड़ रुपए की राशि से अधिक की सम्पत्ति।

पिछले एक वर्ष के दौरान भारत में उक्त वर्णित बिलिनेयर की सम्पत्ति 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 9,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई हैं। जबकि अमेरिका में बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में 4 लाख 60 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 5 लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। चीन में तो बिलिनेयर की सम्पत्ति वर्ष 2023 में एक लाख 80 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर वर्ष 2024 में एक लाख 40 हजार करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। पूरे विश्व में बिलिनेयर की सम्पत्ति बढ़कर 14 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। उक्त प्रतिवेदन में यह सम्भावना भी व्यक्त की गई है कि आगे आने वाले 10 वर्षों में भारत में बिलिनेयर की संख्या में और तेज गति से वृद्धि होगी। भारत में 108 से अधिक पारिवारिक व्यवसाय में संलग्न परिवार भी हैं जो अपने व्यवसाय को भारतीय पारिवारिक परम्परा के अनुसार आगे बढ़ा रहे हैं और भारत में बिलिनेयर की संख्या में वृद्धि एवं भारतीय अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

भारतीय बिलिनेयर की संख्या केवल भारत में ही नहीं बढ़ रही है बल्कि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय भी बिलिनेयर की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं एवं वे अपनी आय के कुछ हिस्से को भारत में भेजकर यहां निवेश कर रहे हैं और इस प्रकार अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीय मूल के नागरिक भी भारत के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को द्रुत गति से बढ़ाने में भारतीय मूल के इन नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता आया है। इस समय भारतीय मूल के एक करोड़ 80 लाख से अधिक नागरिक विभिन्न देशों में कार्य कर रहे हैं एवं प्रतिवर्ष वे अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत में जमा के रूप से भेजते हैं। हाल ही में वर्ल्ड बैंक द्वारा जारी किए गए एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि वर्ष 2024 में 12,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी भरकम राशि अन्य देशों में रह रहे भारतीयों द्वारा भारत में भेजी गई है। भारत पिछले कई वर्षों से इस दृष्टि पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर कायम है। वर्ष 2021 में 10,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2022 में 11,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर, वर्ष 2023 में 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई थी। प्रतिवर्ष भारत में भेजी जाने वाली राशि की तुलना यदि अन्य देशों में भेजी जा रही राशि से करें तो ध्यान में आता है कि वर्ष 2024 में मेक्सिको में 6,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई थी, जिसे पूरे विश्व में इस दृष्टि से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मेक्सिको में भेजी गई राशि भारत में भेजी गई राशि की तुलना में लगभग आधी है। चीन को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है एवं चीन में 4,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भेजी गई है, फि लिपीन में 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं पाकिस्तान में 3,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अन्य देशों में रह रहे इन देशों के नागरिकों द्वारा भेजी गई है।

भारत में भारतीय नागरिकों द्वारा अन्य देशों से भेजी जा रही राशि में उत्तरी अमेरिका, यूरोप, खाड़ी के देशों एवं एशिया के कुछ देशों यथा मलेशिया एवं सिंगापुर का प्रमुख योगदान है। जैसा कि विदित ही है कि प्रतिवर्ष भारत से लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दृष्टि से विकसित देशों की ओर जाते हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के उपरांत भारतीय युवा इन देशों में ही रोजगार प्राप्त कर लेते हैं एवं अपनी बचत की राशि का बड़ा भाग भारत में भेज देते हैं। आज तक भारतीय मूल के इन नागरिकों द्वारा एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में भेजी गई है। भारत के लिए विदेशी मुद्रा भंडार के संग्रहण में यह राशि बहुत बड़ी भूमिका निभा रही है। वर्ष 2024 में पूरे विश्व में 68,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि विभिन्न देशों के नागरिकों द्वारा अपने अपने देशों को भेजी गई है। यह राशि वर्ष 2023 में भेजी गई राशि से 5.8 प्रतिशत अधिक है। पूरे विश्व में विभिन्न देशों में निवास कर रहे नागरिकों द्वारा भेजी गई उक्त राशि में से 20 प्रतिशत से अधिक की राशि अन्य देशों में निवास कर रहे भारतीयों द्वारा ही अकेले भारत में भेजी गई है। इस प्रकार, भारतीय मूल के नागरिकों की सम्पत्ति न केवल भारत में बल्कि अन्य देशों में भी बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है।

# पुरुषार्थ और ईश्वरीय कृपा से सब कुछ संभव

संसार का प्रत्येक व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरन्तर कर्म कर रहा है। लेकिन कर्म करने के बाद जहां कुछ लोगों को कर्म का पूर्ण फल मिलता है, वहीं कुछ लोगों को परिणाम के रूप में अपयश आदि का सामना करना पड़ता है। कर्म के परिणाम के पीछे अक्सर शुभाशुभ समय और भाग्य का हाथ रहता है, भले ही हम इस बात को न स्वीकार करें। शुभ समय में किया गया कर्म फायदेमंद होता है, इसलिए खराब समय में सावधानी रखने की सलाह दी जाती है। जैसे एक चूहा था, जिसका समय खराब था और एक सर्प था जिसकी ग्रहदशा अच्छी थी।

एक बार की बात है, सर्प को एक सपेरे ने पकड़ लिया और उसे एक पिटारी के अन्दर अंधेरी कोठरी में बंद करके रख दिया। चूहे का समय खराब था, उसने बड़े परिश्रम से अंधेरी कोठरी के अन्दर रखी बांस की पिटारी को कुतर-कुतर कर एक छेद बनाया और जैसे ही उस छेद के माध्यम से पिटारी में प्रवेश किया, वैसे ही अशुभ समय के फलस्वरूप पहले से पिटारी में मौजूद सर्प का भोजन वह परिश्रमी चूहा बन गया क्योंकि सर्प की ग्रहदशा अच्छी थी, सर्प को बैठे-बैठे चूहे जैसा स्वादिष्ट भोजन मिला और चूहे के काटने से पिटारी से मुक्ति का रास्ता भी। इसलिए बड़े-बुजुर्ग खराब समय में सोच-समझकर ही कोई भी कार्य और निर्णय लेने की सलाह देते हैं।

मुसीबतों से रक्षा एवं जीवन में सफलता के लिए ज्ञान और मार्गदर्शन अतिआवश्यक माना गया है, ज्योतिष शास्त्र अनादिकाल से व्यक्ति को सम्भावित खतरों के बारे में आगाह करता है तथा भविष्य की सम्भावनाओं से रूबरू कराता है। ज्योतिष शास्त्र बताता है, कब व्यक्ति का समय अच्छा है और कब व्यक्ति का समय खराब, क्योंकि सही समय का ज्ञान होने पर व्यक्ति अपनी पूरी ताकत से परिश्रम का लाभ अर्जित कर सकता है। खराब समय में किया गया परिश्रम शुभ परिणाम की अपेक्षा नकारात्मक परिणाम अथवा विलम्ब से परिणाम देता है जिसके कारण व्यक्ति का मन खिन्न रहता है।

धर्मशास्त्र एवं नीतिशास्त्र के अनुसार सही दिशा में परिश्रम के साथ प्रार्थना और प्रतीक्षा व्यक्ति में सकरात्मक उर्जा का संचार करती है और व्यक्ति के अंदर की सकारात्मक उर्जा ही कार्य को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करती है। जीवन में अपार सफलता चाहने वालों को अपने कार्य-व्यवहार में परिश्रम, प्रार्थना और प्रतीक्षा, इन तीन मानकों का समावेश अवश्य करना चाहिए। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं, जब भी कोई लक्ष्य साधने निकलें, तो उसे पूरा करने का तकनीकी ज्ञान होना चाहिए। परिश्रम में सक्रियता, प्रार्थना में समर्पण और प्रतीक्षा में धैर्य होना आवश्यक है। इन तीनों के समावेश से प्रत्येक व्यक्ति कर्मयोगी बन सफलता प्राप्त कर सकता है।

सकारात्मक विचारों के साथ ईमानदारी से परिश्रम सही दिशा में करें, अपने उपर पूर्ण विश्वास रखते हुए प्रार्थना करें तथा ईश्वर पर विश्वास रखते हुए प्रतीक्षा करें तो सफलता आपकी झोली में होगी, नियति आपको शुभ फल अवश्य प्रदान करेगी। अगर इन बातों का जीवन में विशेष ध्यान रखा जाए तो कुछ भी पाना असंभव नहीं है। सफलता प्राप्ति के लिए प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह दृढ़ विश्वास होना आवश्यक है, कि व्यक्ति सफलता के मार्ग में आने वाली प्रत्येक बाधाओं को अपने पुरूषार्थ और ईश्वर की कृपा से दूर करता हुआ अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचेगा।

## सेहत

### बातें भूलना हो सकती है ब्रेन फॉग की निशानी

आपने ब्रेन फॉग के बारे में तो सुना ही होगा। इस स्थिति में आपकी स्पष्ट रूप से सोचने, कम्युनिकेट करने, चीजों को समझने, ध्यान केंद्रित करने और याद रखने की क्षमता प्रभावित होती है। ये कोई मेडिकल कंडीशन नहीं है, बल्कि कुछ लक्षणों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है। ब्रेन फॉग में मस्तिष्क में सेव मैमोरी को रिकॉल करने में परेशानी होती है। साथ ही फोकस में भी कमी आ जाती है। ब्रेन फॉग से आज के समय में बड़ी संख्या में लोग जूझ रहे हैं। अगर आप छोटी-छोटी बातों को भूल जाते हैं या फिर अपनी बातों को याद करने में मुश्किल होती है और दिमाग समय-समय पर भटक जाता है तो यह ब्रेन फॉग के लक्षणों में शामिल है। यह समस्या अधिक काम करने या कंप्यूटर पर ज्यादा समय बिताने, नींद की कमी, स्ट्रेस, डिप्रेशन, डिहाइड्रेशन, हार्मोन चेंजेज, मोटापा, शराब, सिगरेट, और अधिक कैफीन के सेवन, खराब डाइट, विटामिन बी12 की कमी, एनीमिया, अन्य हेल्थ कंडीशन्स आदि के चलते हो सकती है। अगर ब्रेन फॉग आपके डेली रूटीन में बाधा डाल रहा है या फिर इसके चलते डेली टास्क को पूरा करने में मुश्किलें आ रही हैं तो आपको एक हेल्थकेयर प्रोफेशनल से अपॉइंटमेंट लेना चाहिए। लेकिन अगर आप थोड़ा सा ही ब्रेन फॉग की स्थिति को महसूस कर रहे हैं तो लाइफस्टाइल में कुछ चेंज लाकर इसे सुधारा जा सकता है। तो चलिए जानते हैं ब्रेन फॉग से कैसे निपटा जाए।

**पर्याप्त नींद लें** : अगर आप लगातार लंबे समय से पर्याप्त नींद नहीं ले रहे हैं तो ब्रेन फॉग की समस्या हो सकती है। साथ ही खराब नींद आपके डिसीजन लेने, प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने और इमोशनंस को कंट्रोल करने की क्षमता को प्रभावित करती है। यही नहीं, इससे अन्य कई गंभीर बीमारियों का जोखिम भी बढ़ जाता है। ऐसे में रोजाना 7-8 घंटे नींद पूरा करने पर ध्यान दें।

**डाइट पर दें ध्यान** : गलत खानपान की आदत कई बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने का काम कर सकती है। साथ ही इससे ब्रेन हेल्थ पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इससे आपकी मेमोरी और मूड भी प्रभावित होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# हेल्थ हूल मेले में 3289 मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच

## मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप में 440 महिलाओं की जांच की गई

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** वीमेन डॉक्टर्स विंग आई. एम. ए. झारखण्ड, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड, साहिबगंज जिला प्रशासन साहिबगंज वन विभाग के संयुक्त तत्वधान में नया सदर अस्पताल परिसर, साहिबगंज में सुबह 11 बजे से मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप और दृष्टि सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया।शिविर का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग पूर्व राष्ट्रीय सह अध्यक्ष, विमेन डॉक्टर्स विंग, आई.एम.ए, प्रदेश अध्यक्ष, विमेन डॉक्टर्स विंग, आई.एम.ए झारखंड डॉ भारती कश्यप, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, आईएमए अध्यक्ष, साहिबगंज डॉ. विजय कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस महोत्सव में सर्वाइकल कैंसर जांच, नेत्र जांच, मलेरिया एवं फाइलेरिया की जांच, एच.आई.वी. एंव सिफलीस की जाँच, कालाजार की जाँच, उच्च रक्तचाप की जांच, टी.वी. की जांच, सिकलसेल की जांच, मधुमेह रोग की जांच, प्रसव पूर्व जाँच, वरिष्ठ नागरिक की जांच, हिमोग्लोबिन की जांच, टीकाकरण, परिवार नियोजन सबंधित सलाह दिया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। उपायुक्त श्री हेमंत सती ने अपने संबोधन में कहा कि जिले के सभी लोग इस कार्यक्रम का जरूर लाभ उठाएं। यहां पर लगे विभिन्न प्रकार के मेडिकल स्टॉल पर जाकर वहाँ उपस्थित चिकित्सकों को अपनी समस्या से अवगत कराऐं ताकि आपकी समस्या का जल्द से जल्द निदान हो सके। डॉ. भारती कश्यप जी जिनके अथक प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ हमारा प्रयास रहेगा कि यह कार्यक्रम का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर आम जनों के लिए बहुत खतरा है।इसका समय पर ईलाज होना बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यहां उपस्थित डॉक्टर से सलाह लेकर उपचार संभव है। इस कार्यक्रम में 16 एवं 20 तारीख को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा ताकि शत प्रतिशत लोगों स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके।उप विकास आयुक्त ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। जागरूकता की कमी, नियमित स्क्रीनिंग की अनुपलब्धता और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव और इलाज संभव है।यदि समय पर इसके लक्षण पहचाने जाएं और सही कदम उठाए जाएं। नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से इसे समाप्त करने की दिशा में प्रयास करना समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। आज सदर अस्पताल साहिबगंज में शिविर के माध्यम से जांच एवं रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। जिससे जिला को एक स्वास्थ्य के प्रति अग्रसर किया जा रहा है।कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रलव गर्ग, उप विकास सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया ने भी संबोधित कर सर्वाइकल कैंसर पर प्रकाश डाला।राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित डॉ. भारती कश्यप ने कहा* स्वास्थ्य सुविधा से वंचित स्थानीय लोग, यहां पर बसेपीभीटीजी परिवार, रोशनी खो रहे छोटे बच्चे ऐसे लोग हमारी प्राथमिकता है क्योंकि यह हम तक नहीं पहुंच सकते हम लोगों को इन तक पहुंचना है और ऐसे कैंप का उद्देश्य ही यही है। पाकुड़ में सर्वाइकल कैंसर के सबसे ज्यादा मरीज मिले और साहिबगंज में सबसे ज्यादा बच्चेदानी के प्रोलेप्स के मरीज मिले। इस तरह के स्वास्थ्य अभियान हम संस्थान परगना के देवघर, जामताड़ा, दुमका, बरहेट, राजमहल, साहिबगंज में पहले भी लगा चुकें हैं। हम लोगों ने झारखंड मॉडल बनाकर के अब तक 460000 के करीब प्रजनन क्षमता वाली ऐसी महिलाओं की स्क्रीनिंग और उपचार किया है जिन्हें जननांग संबंधी सूजन के लक्षण थे या जो हाई रिस्क कैटेगरी की थी।विजन फॉर झारखण्ड अभियान के तहत सरकारी स्कूल के 20 लाख से ज्यादा बच्चों की स्क्रीनिंग की है हजारों बच्चों को मुफ्त चश्मा दिया है और सैकड़ो बच्चों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करके दोबारा भेजा है।ज्ञातव्य हो की 2024 में संथाल परगना और कोल्हान के दूर दराज के नक्सल प्रभावित इलाकों में पीभीटीजी पार्टिकुलर वुलनरेबल ट्राइबल ग्रुप पर केंद्रित आई कैंप और मेगा स्वास्थ्य मेगा महिला स्वास्थ्य अभियान कैंप लगाए जा रहे हैं 1 जुलाई को गुआ में लगाया गया 15 जुलाई को गोइलकेरा में लगाया गया 21 दिसंबर को टोनटो में लगाया गया 4 जनवरी को पाकुड़ में लगाया गया और अब 5 जनवरी को साहिबगंज में लगाया गया है।उपायुक्त एवं सभी पदाधिकारी द्वारा शिविर में लगाए गए सभी स्टालों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

## स्वतंत्रता सेनानी व व्यवसायी इंदरचंद जैन का निधन



**बोकारो :** स्वतंत्रता सेनानी एवं बोकारो के जाने-माने उद्यमी-व्यवसायी इंदरचंद जैन का 99 वर्ष की उम्र में देव लोक गमन हो गया। चास-बोकारो के सबसे पुराने होटल में से एक नीलकमल की स्थापना उनके द्वारा की गई थी। चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा की अपनी लगनशीलता,कर्मठता एवं प्रतिबद्धता के कारण वे बोकारो के प्रमुख एवं सफल व्यवसायियों में शामिल हो गए, और अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की। संरक्षक संजय बैद ने कहा की श्री इंदरचंद जैन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। वे सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहते थे। जैन मिलन के संस्थापक सदस्यों में से रहे श्री इंदरचंद ने सेक्टर 2 जैन मंदिर का भी निर्माण करवाया। गर्गा नदी के घाट पर आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी श्याम सुंदर जैन ने मुखाग्नि दी।अंतिम संस्कार में किशन रिटोलिया, विकास अग्रवाल, आलोक जैन, सुभाष केजरीवाल,संजय जैन,दीपक जैन, पीयूष जैन, अशोक तनेजा पीए जकारिया, अशोक जैन, प्रकाश कोठारी, शिव अग्रवाल, विनोद चोपड़ा, टिंकू तापड़िया, सुरेंद्र मोदी, सतीश जैन,विमल जैन आदि उपस्थित थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### विश्वजीत को जेल भेजने को लेकर मो तबरेज ने नवल की हत्या करवा दी : एसपी



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के गोड़ीबाड़ी हटिया में बीते चार जनवरी को हुई फूल डेकोरेटर नवल कुमार तांती की हत्या मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है।वही पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय में एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि मामले में अधिवक्ता महेश तांती व उसके पुत्र विश्वजीत सहित एक शूटर को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि जमीन विवाद व एक मामले में विश्वजीत को जेल भेजने को लेकर मो तबरेज के जरिये दोनों बाप बेटे ने नवल तांती की हत्या करवा दी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस एवं मोहम्मद तबरेज व महेश तांती का मोबाइल भी बरामद किया गया है।जिसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### पेयजल स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय कक्ष में कार्यशाला का आयोजन



**साहिबगंज :** पेयजल स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज अंतर्गत ग्राम जल व स्वच्छता समिति एवं प्रखंड जल एवं स्वच्छता समिति के विषय में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कार्यपालक अभियंता के कार्यालय प्रकोष्ठ में किया गया।कार्यशाला में निम्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। ग्राम जल स्वच्छता समिति का गठन,ग्राम जल स्वच्छता समिति का प्रारूप, ग्राम जल स्वच्छता समिति का कार्य एवं दायित्व,प्रखंड जल स्वच्छता समिति का गठन,प्रखंड जल स्वच्छता समिति का प्रारूप,प्रखंड जल संस्था समिति का कार्य एवं दायित्व,बहु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना के संचालन, रख रखाव एवं अनुरक्षण हेतु दिशा निर्देश दिए गए। कार्यशाला में प्रशिक्षण राहुल कुमार जिला समन्वयक, जल जीवन मिशन के द्वारा किया गया एवं उक्त कार्यशाला में सभी कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहिबगंज ने भाग लिया।

### भीम सिंह हत्याकांड का मास्टर माइंड गिरफ्तार

**बोकारो :** सिटी पुलिस ने भीम सिंह हत्याकांड के मास्टर माइंड अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस अनुसंधान की गति में तेजी आएगी। साथ ही हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में मदद मिलेगी। वर्ष 2022 दिसंबर के अंत में चास शिव शक्ति कालानी निवासी युवक भीम सिंह उर्फ भीम यादव को सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर मार्केट के पास बुलाकर शराब का सेवन किया गया। इसके बाद उसके साथ जमकर मारपीट की गई। जिससे वो अधमरा हो गया था। फिर उसे एक कार से अगवा कर धनबाद टाटा हाईवे के जरिए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया ले जाया गया। कार में ही पीट पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। फिर शव को पुरुलिया में फेंक कर सबूत व पहचान मिटाने के लिए आग के हवाले कर दिया था। इधर भीम के परिजनों के सूचना पर सिटी पुलिस अपहरण का प्राथमिकी दर्ज कर उसके तलाश में जुटी थी। इसी बीच सात जनवरी 2023 को पुरुलिया पुलिस की सूचना पर अपहृत भीम के अधजले शव को बरामद कर बोकारो लाया गया। तत्कालीन सिटी इंस्पेक्टर महेश प्रसाद ने अपहरण व हत्या का प्राथमिकी दर्ज करते हुए जयराम, विजय, लाला, राकेश को कुछ कुछ अंतराल पर गिरफ्तार कर जेल भेजा था। परंतु कांड का मास्टर माइंड पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था। अब हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने व आरोपियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में पुलिस को मदद मिलेगी।

**2022 का मामला,अपहरण के बाद हत्या कर शव को जलाकर सुबूत मिटाने की गई थी कोशिश**

**इस मामले में चार अपराधियों को पुलिस भेज चुकी है जेल**

### पति का निधन,दो बेटो ने 95 वर्षीय मां गंगा मनी का छोडा साथ

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के जामकुदर निवासी 95 वर्षीय गंगामनी देव्या का भरा पूरा परिवार होने के बाद भी असहाय बेड पर पड़ी रहने का मामला प्रकाश में आने पर उपायुक्त विजया जाधव ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बेरमो मुकेश मछुआ एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता को परिजनों से संपर्क कर सकारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त के पहल पर रविवार को 95 वर्षीय गंगामनी देव्या के पुत्र वकील दे. ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कसमार पहुँच माँ को अपने साथ घर ले गया। उन्होंने मामले में अपने भूल को स्वीकार करते हुए प्रशासन को अपनी माँ का देखभाल - ख्याल रखने का भरोसा दिया है। जानकारी हो कि, 95 वर्षीय गंगामनी देव्या के दो बेटे समेत परिवार में 8 सदस्य हैं, लेकिन इनकी देखभाल नहीं करते। 40 साल पहले पति का निधन हो चुका है, दोनों बेटे बाहर रहते हैं। बड़ा बेटा सुभाष दे. देखने भी नहीं आता है, वह अपने ससुराल बेरमो में रहता है। छोटा बेटा वकील दे निरसा में चाय की दुकान चलाता है, कभी कभार आता है, लेकिन अब उठने- बैठने में लाचार मां, बिस्तर पर ही पड़ी रहती है। शनिवार को वृद्ध महिला की मदद के लिए गांव के लोग स्थानीय प्रशासन के पास पहुंचे थे। मामला प्रकाश में आने पर जिला प्रशासन ने पहल की। उधर, उपायुक्त ने आमजनों से अपील किया है कि वह अपने वृद्ध अभिभावकों का ख्याल रखें। यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। अगर परिवार के सदस्य अपने वृद्ध माता-पिता/अभिभावकों का ख्याल नहीं रखेंगे, तो सिनियर सीटिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**उपायुक्त ने दिया कार्रवाई करने का आदेश**

# सकारात्मक खेल भावना हर खिलाड़ी के अंदर जरूर होनी चाहिए : श्वेता सिंह

मेट्रो रेज

**बोकारो :** बोकारो विधायक श्वेता सिंह विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई।इस निमित अपने प्रवास के दौरान सर्वप्रथम श्रीराम स्पॉटिंग क्लब द्वारा आयोजित गर्ग डैम में वानभोज में शामिल हुए इस अवसर पर चास नगर निगम के निवर्तमान महापौर भोलू पासवान भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि नए साल में वानभोज कार्यक्रम क्षेत्र की जनता हर्षोल्लास के साथ विभिन्न रमणीय स्थलों पर मना रही है सभी को पुनः नववर्ष की शुभकामना देती हूं और सबकी खुशहाली की कामना ईश्वर से करती हूं।तत्पश्चात सीजुआ ग्राम स्थित श्री साईं विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई।इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने विद्यालय के संस्थापक भाई रणधीर मिश्रा को शुभकामना देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने वाले ऐसे विभूति की जितनी सराहना की जाए वो कम है वहीं छात्र छात्राओं को संबोधन करते हुए कहा कि आप सभी क्षेत्र का भविष्य है इसलिए निजी तौर पर सफलता हासिल करने हेतु पूरे निष्ठा से मेहनत करने की बात कही और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। आर वी एस क्लब बंसीमली द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन समारोह में सम्मिलित होकर सभी युवा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और कहा कि कोई भी खेल हो उसमें सकारात्मक खले भावना हर खिलाड़ी के अंदर जरूर होनी चाहिए तभी जाकर समाज सबल बनेगा।इस अवसर पर मुखिया दुर्गा सोरेन, कुंदन कुमार नायक, विकास गोप, सुनील गोप बावरी, कैलाश, शुभम, सागर, संतोष, आकाश,अविनाश,गौतम बावरी, मोनू, मैक्स मिंटू,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्नी ने पति को पीट पीट कर की हत्या

मेट्रो रेज

**दुमका ।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के बागजोबड़ा गांव के पत्नी ने पति को पीट-पीटकर हत्या कर दी हैं। मृतक की पहचान हेमलाल टुडू (35 )के रुप में की गयी है। मामले में रानेश्वर थान प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया गया है। बताया कि मृतक के भतीजा के लिखित बयान पर प्रथामिकी दर्ज किया गया है। भतीजा का आरोप है कि हेमलाल के पत्नी ने मारकर हत्या कर दिया है। हत्या कर महिला फरार हो गई है। आशंका जतायी जा रही है कि शराब के नशे में ऐसे कार्यो को अंजाम दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पत्नी फरार है। पुलिस छापेमारी कर रही है बहुत जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौपा जीआरपी



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन के यात्री शेड के पास से जीआरपी ने अवैध अंग्रेजी शराब से भरा ट्रॉली बैग व पिट्ठू बैग बरामद किया। जीआरपी प्रभारी धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर स्टेशन परिसर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस बीच यात्री शेड के पास लावारिस अवस्था मे एक ट्रॉली बैग व एक पिट्ठू बैग मिला। बैग की जांच करने पर उसमें से आरएस कंपनी का 25 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जब्त शराब की कीमत लगभग 18500 रुपया बताई जा रही है। जब्त शराब को उत्पाद विभाग को सौप दिया गया है। मौके पर एएसआई मो मुस्ताक अहमद, मो ससरफराज, कुणाल मरांडी व अन्य थे।



# सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति किया जागरूक

**साहिबगंज :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के पांचवे दिन के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज ज़िले के सभी थाना, चौक चौराहे पर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया। साहिबगंज जिले के सभी थाना में ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया जिसमें सभी वाहन चालकों, 2 पहिया, 4 पहिया, ट्रक और बस ड्राइवरों का अल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब सेवन तथा नशे के हालत में वाहन चलाने को लेकर जांच अभियान चलाया गया एवं बताया गया कि के शराब के हालत में वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम185 के तहत 10000 रुपए का जुमार्ना या 6 महीने का जेल का प्रावधान है। साथ ही उलंघन करने वाले चालको पर कार्यवाही भी किया गया।सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया गया एवं पंपलेट, बुकलेट एवं हैंडबील वितरण किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके।

## जेएससीए अंडर-14 क्रिकेट कैंप के लिए जुनैद रांची रवाना

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला के उभरते जूनियर क्रिकेटर मो जुनैद परवेज का चयन रांची में 6 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित जेएससीए अंडर14 कैंप के लिए हुआ है। कैंप में शामिल होने के लिए जुनैद रविवार को वनांचल एक्सप्रेस से रांची के लिए रवाना हो गए। जुनैद 7वीं बार राज्य स्तरीय कैंप का हिस्सा बन अपने हुनर को निखारेंगे। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, राकेश गुप्ता, अमित तिवारी, सुरेश साह, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, राकेश रोशन, चंदन, शानू, सुधीर राणा, ओंकार सहित अन्य ने जुनैद को शुभकामना देकर रवाना किया।

# चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी कर्मी हुए सम्मानित

मेट्रो रेज



**बोकारो :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों कर्मियों के लिये प्रशस्ति पत्र वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन अमृत पार्क,आइटीआइ मोड़ चास में किया गया। इस दौरान सभी वरीय पदाधिकारियों - प्रभारी पदाधिकारियों तथा चुनाव के दौरान बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने कार्यों का निर्वहन पूरी तत्परता से किया है जिसके कारण हम चुनाव को सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने में सफल हुए हैं। उन्होंने निर्वाचन के प्री झ पोस्ट दायित्वों के निष्पादन में लगे सभी अधिकारी झ कर्मियों के परिवारिक सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। मौके पर निदेशक प्रभारी बीएसएल बी के तिवारी ने कहा कि चुनाव को आरमदायम एवं इंफार्मेटिक बनाने में जिला प्रशासन का अहम योगदान रहा है। उन्होंने एक वर्ष में दो महापर्व (लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024)को दाग रहित आयोजन को लेकर उपायुक्त एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने कहा कि सभी के सहयोग से ही विधानसभा आम चुनाव 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराया जा सका है। उन्होंने कहा कि सभी ने अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी तत्परता से की है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। मौके पर उपस्थित सीटी डीएसपी आलोक रंजन/बेरमो एसडीपीओ वी एन सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी पुलिस पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनाव काफी सफल रहा है। इस मौके पर विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं उनकी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर कई पदाधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान हुए अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद,34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता एवं सभी विधान सभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, एमसीएमसी- विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार, वाहन एवं पोस्टल बैलेट कोषांग के नोडल पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो, ईवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी मो. शफीक आलम/ पीयूष, प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा/ अतुल कुमार चौबे, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता/ शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह,निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा/ पंकज दूबे, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार समेत अन्य कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं उनके टीम के सदस्यों के अलावा स्वीप गतिविधि में सहोयग करने के लिए विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# सलमान की सुरक्षा बढ़ी!

### 100 करोड़ के गैलैक्सी अपार्टमेंट में चल रहा काम

## वायरल वीडियो देख फैंस चिंता में डूबे

सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रविवार को सोशल मीडिया पर गैलेक्सी अपार्टमेंट का एक वीडियो सामने आया जिसमें कुछ कर्मचारी एक्टर के घर की बाहरी दीवार पर कुछ लगाते नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी तक कोई सटीक जानकारी नहीं मिली है कि ये क्या और क्यों हो रहा है लेकिन वीडियो ने फैंस को चौंका दिया है कि क्या बॉलीवुड सुपरस्टार के साथ सब कुछ ठीक है या फिर से कुछ हुआ है।

सुरक्षा को ऐसे समय में बढ़ाया गया है जब सलमान खान को कई मौत भरी धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। इन सबमें जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का गिरोह शामिल है। अप्रैल 2024 में, मुंबई के बांद्रा इलाके में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलियां चलाई गईं। बाद में, यह बताया गया कि हमले के पीछे लॉरेंस बिश्नोई का हाथ था क्योंकि गैंगस्टर के भाई अनमोल बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट में गोलीबारी की घटना की जिम्मेदारी ली थी।

**सलमान खान की सुरक्षा बढ़ी**

बाद में, मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भी गिरोह से एक मैसेज मिला, जिसमें सलमान की माफी के बदले 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। मैसेज में धमकी दी गई थी कि अगर मांग पूरी नहीं की गई, तो उन्हें बाबा सिद्दीकी से भी बदतर कुछ भुगतना पड़ेगा। 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई में गोली मारकर बाबा सिद्दीकी की हत्या कर दी गई।

**सलमान खान की भारी सिक्योरिटी**

चौंकाने वाली घटनाओं के बाद, सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई। अक्टूबर 2024 में, एक्टर ने लगभग 2 करोड़ रुपये की बुलेटप्रूफ गाड़ी 'निसान पेट्रोल एसयूवी' भी खरीदी, जो सीधे दुबई से मुंबई लाई गई थी। इसके अलावा, मुंबई की फिल्म सिटी में बिग बॉस 18 के सेट के बाहर भी सुरक्षा बढ़ाई गई थी। कथित तौर पर सलमान खान की सिक्योरिटी में आठ से दस शूटर्स रखे गए हैं और मुंबई पुलिस ने उनके घर पर एक कमांड सेंटर भी बनाया था।

**'सिकंदर' रिलीज डेट और कास्ट**

इस बीच, काम की बात करें तो सलमान खान साजिद नाडियाडवाला और एआर मुरुगादॉस की अगली रिलीज 'सिकंदर' के लिए तैयारी कर रहे हैं। ईद 2025 में रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म में रश्मिका मंदाना, सत्यराज, प्रतीक बब्बर, शरमन जोशी और काजल अग्रवाल सहित कई शानदार कलाकार हैं।





# शाहिद कपूर की फिल्म देवा का टीजर रिलीज



शाहिद कपूर की मच अवेटेड फिल्म देवा का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म के दो दमदार पोस्टर्स ने पहले ही फैंस को देवा की इंटेंस दुनिया की झलक दी थी। इन पोस्टर्स में शाहिद का जबरदस्त और धमाकेदार अंदाज देखने को मिला, जिसने एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है। देवा को लेकर एक्साइटमेंट तब और बढ़ गई जब ग्रैंड फैन इवेंट में बड़ी तादाद में फैंस जुटे और फिल्म का जश्न मनाया। इस मौके पर शाहिद कपूर ने अपने फैंस के साथ दिल छू लेने वाली बातचीत की। उन्होंने फैंस का प्यार और सपोर्ट मिलने पर अपना आभार जताया और अपनी एक्साइटमेंट भी शेयर की। अब टीजर के साथ, ऑडियंस को देवा के धमाकेदार और क्रेजी वर्ल्ड की झलक मिल रही है। इसमें तगड़ा एक्शन, शानदार डांस सीक्वेंस और एक दमदार स्टोरीलाइन नजर आ रही है, जिसने सबको एक्साइटमेंट से भरते हुए उत्सुक कर दिया है। शाहिद कपूर अपनी वसेर्टाइल परफॉर्मेंस के लिए जाने जाते हैं और अब वह देवा के साथ कुछ नया करने वाले हैं। टीजर में उनका इंटेन्स अवतार दिख रहा है, जिसमें हैरान करने वाले स्टंट्स और रॉ, बेजोड़ एक्शन सीक्वेंस हैं, जो दर्शकों को सीट से उठने का मौका नहीं देंगे। चाहे वो हाई-स्पीड चेज हो या धमाकेदार लड़ाई के सीन्स, शाहिद की अपने रोल के लिए पूरी मेहनत साफ नजर आती है। उनकी दमदार डांस मूव्स भी फिल्म के एक्साइटमेंट को और बढ़ा देती हैं। देवा में बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की धरोहर का एक नया रूप देखने को मिल रहा है, जहां शाहिद कपूर उनके प्रभावशाली छवि को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश कर रहे हैं। देवा को मशहूर मलयाली फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने डायरेक्ट किया है और जिसे जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है, एक धमाकेदार और एक्सप्लोसिव एक्शन थ्रिलर है। ये फिल्म 31 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है।

# जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की



एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हाल ही में कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जो उनके स्टाइलिश अंदाज का शानदार नमूना हैं। इन तस्वीरों में जान्हवी सिल्वर शिमरी टॉप और बेल्ट स्टाइल ग्रे स्कर्ट पहने हुए नजर आ रही हैं। उनके इस आउटफिट ने उन्हें डिवा लुक दिया है।

जान्हवी ने अपने लुक को खुले कर्ली बालों और न्यूड ग्लो मेकअप के साथ पूरा किया है। शार्प कॉन्टूरिंग और हाईलाइटर का परफेक्ट इस्तेमाल उनके चेहरे पर खास ग्लो ला रहा है। तस्वीरों में वह दीवार के पास खड़ी होकर अलग-अलग स्टाइलिश पोज दे रही हैं, जो उनकी अदाओं को और कातिलाना बना रहे हैं। अपने पोस्ट के कैप्शन में जान्हवी ने लिखा, 'पुश 2 स्टार्ट,' और इस पर फैंस और सेलेब्रिटीज ने जमकर प्रतिक्रिया दी है। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने उनकी तारीफ में फायर इमोजी कमेंट किया, जबकि फैंस ने उन्हें स्ले क्वीन और स्टनिंग कहकर सराहा।

जान्हवी के इस पोस्ट को अब तक 6.5 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जो उनकी जबरदस्त पॉपुलैरिटी को दशार्ता है। उनकी ये ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे।

# ऋषि धवन ने भारतीय सीमित ओवरों के क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर ऋषि धवन ने सीमित ओवरों की क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। धवन ने यह घोषणा विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप चरण के अंतिम दिन के बाद की, जिसमें हिमाचल प्रदेश अगले चरण में जगह नहीं बना पाया।

हालांकि, सोशल मीडिया हैंडल पर धवन की रिटायरमेंट की घोषणा में सीमित ओवरों के क्रिकेट का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है, जिससे पता चलता है कि वह रणजी सीजन के शेष भाग में हिमाचल के लिए खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

34 वर्षीय धवन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चार बार भारत का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें से सभी चार मैच उन्होंने वर्ष 2016 में खेले हैं। वह पहले आईपीएल में मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रहे हैं, लेकिन हाल ही में हुई नीलामी में उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला।

धवन ने अपने बयान में कहा, 'मैं भारी मन से भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवर) से संन्यास की घोषणा करना चाहता हूँ, हालाँकि मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है। यह एक ऐसा खेल है जिसने पिछले 20 वर्षों से मेरे जीवन को परिभाषित किया है। इस खेल ने मुझे अपार खुशी और अनगिनत



यादें दी हैं जो हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेंगी। साधारण शुरूआत से लेकर सबसे बड़े मंचों पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने तक, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है। क्रिकेट मेरा जुनून रहा है और हर सुबह उठने का मेरा कारण रहा है। अपने सभी कोच, मेंटर, टीम के साथी और सहयोगी स्टाफ, जिन्होंने मुझे आज जो व्यक्ति बनाया है, उसमें आपके बहुमूल्य योगदान के मैं को धन्यवाद देना चाहता हूँ।'

उन्होंने कहा, 'जब मैं अपने जीवन के इस परिवर्तनकारी अध्याय में प्रवेश कर रहा हूँ, तो मैं उत्साह और प्रत्याशा से भरा हुआ हूँ। मुझे अनगिनत चुनौतियों का सामना करना है, नए सपने देखने हैं और नए अवसरों को अपनाना है। मुझे विश्वास है कि क्रिकेट ने मुझे जो कौशल और मूल्य सिखाए हैं, वे इस अगले चरण में मेरा मार्गदर्शन करेंगे।'

धवन ने 134 लिस्ट ए मैचों में 29.74 की औसत से 186 विकेट लिए और 38.23 की औसत से 2906 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। 135 टी20 में उन्होंने 26.44 की औसत और 7.06 की इकॉनमी रेट से 118 विकेट लिए और 121.33 की स्ट्राइक रेट से 1740 रन बनाए। उनके करियर की सबसे यादगार उपलब्धियों में 2021-22 में हिमाचल को विजय हजारे ट्रॉफी का पहला खिताब दिलाना शामिल है। वह प्रतियोगिता के इतिहास में एक ही सत्र में शीर्ष पांच रन बनाने वाले और शीर्ष पांच विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए।

धवन 2021-22 में 458 रन बनाकर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी और आठ मैचों में 17 विकेट लेकर दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने। हिमाचल के लिए यह घरेलू क्रिकेट में किसी भी तरह का उनका पहला और एकमात्र खिताब था। आईपीएल में, धवन ने किंग्स इलेवन पंजाब (2014-2024) और मुंबई इंडियंस (2013) का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 39 मैचों में 25 विकेट लिए और 210 रन बनाए।

# मेसी अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' जीतने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर बने

**नई दिल्ली।** लियोनेल मेसी ने 4 जनवरी को अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली जब उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, प्रेसीडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकार एक्स हैंडल पर पुरस्कर विजेताओं के नामों की घोषणा की। यह पदक उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की समृद्धि, मूल्यों या सुरक्षा, विश्व शांति या अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक, सार्वजनिक या निजी प्रयासों में योगदान दिया हो। मेसी यह पुरस्कार जीतने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर (सॉकर खिलाड़ी) बन गए और 2022 में मेगन रेपिनो के बाद इस खेल से दूसरे खिलाड़ी बन गए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने पुरस्कार प्रदान किया, जिसमें अर्जेंटीना के खिलाड़ी 19 प्राप्तकर्ताओं में से एक थे। मेसी के क्लब इंटर मियामी ने एक बयान में कहा, मेसी ने कार्यक्रम से पहले व्हाइट हाउस को बताया कि वह बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं और यह सम्मान प्राप्त करना उनके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। हालांकि, शेड्यूल में टकराव और पूर्व प्रतिबद्धताओं के कारण, वे इसमें शामिल नहीं हो पाए। उन्होंने इस कदम की सराहना की और कहा कि उन्हें निकट भविष्य में मिलने का अवसर मिलने की उम्मीद है।

मेसी जुलाई 2023 में पेरिस सेंट-जर्मेन से फ्री ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल हुए और मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) की ओर से 39 मैचों में 34 गोल और 18 असिस्ट किए हैं। उन्होंने अब तक टीम के साथ लीग कप और एमएलएस सपोर्टर्स शील्ड जीती है।

# उरुग्वे के फुटबॉलर एकुना की मौत को माना जा रहा आत्महत्या

**नई दिल्ली।** उरुग्वे के खिलाड़ी मैथियास एकुना शनिवार को इक्वाडोर के अंबाटो में मृत पाए गए, उनके क्लब मुशुक रूना ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट में इसे आत्महत्या का मामला माना गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2025 सीजन से पहले इक्वाडोरियन सीरी ए टीम में शामिल हुए एकुना, अपने पूर्व साथी द्वारा शारीरिक और मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद जांच के दायरे में थे। मुशुक रूना ने फेसबुक पर



पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, 'खिलाड़ी मैथियास एकुना के शव की जांच से प्राप्त प्रारंभिक मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार, यह आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। हम इस खबर से बहुत सदमे में हैं और हम इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के साथ अपनी एकजुटता दोहराते हैं।' उरुग्वे फुटबॉल एसोसिएशन ने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में कहा कि उन्हें 32 वर्षीय खिलाड़ी की मौत पर गहरा दुख है।

# कोपा डेल रे से बाहर हुए लास पालमास, वलाडोलिड

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** कोपा डेल रे के तीसरे दौर में रविवार को दो और उलटफेर देखने को मिले, जिसमें ला लीगा की टीमें निचली लीग की प्रतिद्वंद्वी टीमों से हार गईं।

दूसरे डिवीजन की एल्चे ने शीर्ष स्तर की लास पालमास के खिलाफ घरेलू मैदान पर 4-0 से जोरदार जीत दर्ज की, जिसमें घरेलू टीम ने शुरू से अंत तक दबदबा बनाए रखा और हाफटाइम के स्ट्रोक पर रोड्रिगो मेंडोजा के गोल से बढ़त हासिल की। इसके बाद एल्चे ने ब्रेक के बाद डेविड एफेंग्रुबर, जोस सेलिनास और



निकोलस फर्नांडीज के गोल की मदद से शानदार जीत दर्ज कर अंतिम-16 में प्रवेश किया।

तीसरे दर्जे की ओरेंस ने दो बार पीछे से वापसी की और फिर ला लीगा के सबसे निचले क्लब वलाडोलिड को 3-2 से हरा दिया।

राउल मोरो और सेलिम अमाल्लाह ने पहले हाफ में दो बार वलाडोलिड को आगे किया, लेकिन जैरो नोरिएगा और जेरिन रामोस ने गोल कर अपनी टीम को बराबरी दिला दी और फिर एंजेल सांचेज ने ब्रेक के सात मिनट बाद घरेलू टीम के लिए विजयी गोल किया।

सेल्टा विगो भी नॉकआउट होने के करीब था, क्योंकि यह रेसिंग सैंटेंडर से 2-1 से पीछे था, हालांकि जब सामान्य समय के सिर्फ. चार मिनट बचे थे, रेसिंग ने आत्मघाती गोल कर लिया और फिर उसके बाद अल्फोन ने 92वें मिनट में गोल कर सेल्टा विगो को 3-2 से जीत दिला दी।

अन्य मैचों में लेगनेस ने दूसरे डिवीजन के संघर्षशील काटार्जेना के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की।

रियल सोसिएदाद ने दूसरे हाफ में मिकेल ओयारजाबल और ब्राइस मेंडेज के गोल की बदौलत तीसरे स्तर के पोनफेराडिना पर 2-0 से आसान जीत दर्ज की।

शनिवार को, एफसी बार्सिलोना ने चौथे स्तर के बारबास्ट्रो को 4-0 से हराया, जबकि खिताबधारी एथलेटिक बिलबाओ ने यूडी लॉग्रोन्स को पेनल्टी शूटआउट में शिकस्त दी। वहीं, टलेटिको मैड्रिड ने माबेर्ला के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। सेविला ने दूसरे डिवीजन के लीडर अल्मेरिया को 4-1 से हराया।

# घने कोहरे से ढ़का दक्षिण बंगाल, ट्रेनों और विमानों की आवाजाही बाधित

एजेंसी

**कोलकाता ।** दक्षिण बंगाल में सोमवार सुबह से घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया। अधिकांश जिलों में दृश्यता इतनी कम हो गई कि ट्रेनों और विमानों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हुई। लोकल और लंबी दूरी की ट्रेनें धीमी गति से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में अधिक समय लग रहा है। सुबह से विमानों के उड़ान भरने और उतरने में भी परेशानी हो रही है।



हालांकि, दिन चढ़ने के साथ कोलकाता में कोहरे की चादर हटने लगी और मौसम धूपमय हो गया। अलीपुर मौसम विभाग ने बताया है कि दिन के समय तापमान में हल्की बढ़ोतरी होगी, लेकिन रात में पारा लगभग 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

## उत्तर बंगाल में हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर बंगाल में आगामी दिनों में हल्की बारिश हो सकती है। मंगलवार और बुधवार को दार्जिलिंग, कालिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। दार्जिलिंग में बर्फबारी के आसार भी हैं। अन्य जिलों में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं, लेकिन दिन चढ़ने के साथ मौसम साफ होने की उम्मीद है। अलीपुर मौसम विभाग ने बताया कि कोहरे का असर मुख्य रूप से उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली, मुर्शिदाबाद और बीरभूम जिलों में रहेगा। इन इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा, लेकिन यह स्थिति केवल दो-तीन दिन तक बनी रहेगी। इसके बाद कोहरे का प्रभाव कम होने की संभावना है। मकर संक्रांति के समय तापमान में गिरावट की संभावना है। दक्षिण और उत्तर 24 परगना में ठंडी हवाएं चलने से ठंड का असर महसूस किया जा सकता है।

## बर्फबारी के कारण श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित

एजेंसी

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में बर्फबारी के कारण सोमवार को श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि रनवे पर बर्फ हटाने का काम जारी है। सभी एयरलाइनों ने सुबह 9:30 बजे के बाद अपनी उड़ानें स्थगित कर दी हैं। शनिवार और रविवार को घने कोहरे के कारण हवाई अड्डे का संचालन प्रभावित हुआ जिससे उड़ानों में देरी, डायवर्जन और रद्दीकरण हुआ।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बर्फबारी के बाद बहाली का काम जोरों पर चल रहा है : मुख्यमंत्री

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि घाटी में बर्फबारी के बाद बहाली का काम जोरों पर चल रहा है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। कश्मीर घाटी और जम्मू संभाग के कुछ इलाकों में रविवार को मध्यम से भारी बर्फबारी दर्ज की गई जिससे सड़कें बंद हो गईं और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। मुख्यमंत्री ने एक्स के माध्यम से कहा कि जम्मू-कश्मीर में कल (रविवार) हुई बर्फबारी के बाद खासकर घाटी में बहाली का काम जोरों पर है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घाटी में वर्तमान में 1,200 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है और दिन चढ़ने के साथ इसमें बढ़ोतरी होगी। बर्फ हटाने का काम जारी है और प्राथमिकता वाली सड़कों पर तत्काल ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्री सकीना इटू, जावेद डार और मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी जमीनी स्तर पर स्थिति की समीक्षा करने के लिए जिलों का दौरा करेंगे।



### मणिपुर पुलिस ने केसीपी-पीडब्ल्यूजी कैडर को किया गिरफ्तार



**काकचिंग (मणिपुर)।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले के वाबगई क्षेत्र से प्रतिबंधित संगठन केसीपी-पीडब्ल्यूजी के एक सदस्य को गिरफ्तार किया, जो काकचिंग क्षेत्र में रंगदारी वसूली गतिविधियों में शामिल था। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान थौनोजम जॉनसन सिंह उर्फ नानाओ (42) के रूप में हुई है, जो वाबगई लेइराक अचौबा का निवासी है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गंगा जल में रोगाणु नाशक व स्वयं को शुद्ध कर लेने का अद्भुत गुण : डॉ. अजय सोनकर

**प्रयागराज।** गंगा नदी सदा से आस्था व पवित्रता का दिव्य स्थली है। गंगा स्नान श्रद्धालुओं के लिये अपूर्व आकर्षण का केंद्र रहता है। कुम्भ मेले के दौरान प्रयागराज के संगम जहां तीन नदियों का मिलन माना जाता है, उसमें एक छोटे से स्थान पर एक ही समय अंतराल में या मुहूर्त में लाखों लोग स्नान करते हैं। ऐसे में जल का अति प्रदूषित हो जाना प्राकृतिक है। विख्यात वैज्ञानिक डॉ.अजय ने बताया कि जब उन्होंने गंगा जल का प्रयोगशाला में परीक्षण किया तो पाया कि माइकोबैक्टीरियम, स्ट्रेप्टोकोकस, स्यूडोमोनास जैसे तमाम रोगाणुओं की तादाद उस दौरान गंगा के जल में अपने चरम पर पहुँच जाती है। ठीक उसी समय बैक्टेरिओफेज नामक वाइरस जल में उसी अनुपात में उत्पन्न होता है और उन रोगाणुओं को नष्ट कर देता है। उन जीवाणुओं के नष्ट होते ही बैक्टेरिओफेज भी विलुप्त हो जाता है। ये बैक्टेरिओफेज सामान्यतः समुद्र में पाये जाते हैं किन्तु मीठे जल के श्रोतों में सिर्फ.गंगा नदी में प्रमुख रूप से पाये जाते हैं। इसलिये ऐसा देखा जाता है कि गंगा जल बोतलों में भर कर ले जाते हैं वो कई बार मटमैले दिखते हैं पर उनमें बैक्टीरिया नहीं पनपते, सालों बाद भी उस जल से दुर्गंध नहीं आती। वैज्ञानिक डॉ. अजय ने बताया कि गंगा नदी में बैक्टीरियोफेज नदी के स्व-सफाई गुणों में भूमिका निभाते हैं। गंगा में अन्य नदियों की तुलना में बैक्टीरियोफेज की संख्या सबसे अधिक है, जिसके नमूनों में लगभग 1,100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज पाए जाते हैं।

### सराफा व्यवसायी की हत्या के मामले में आईजी ने घटनास्थल का मुआयना किया

**कोरबा ।** कोरबा में सराफा व्यवसायी की हत्या के मामले में आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने घटनास्थल का मुआयना किया और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। घटना के संबंध में पुलिस की अलग-अलग टीमें पतासाजी में जुटी हुई हैं और फरार आरोपितों को जल्द पकड़ने की उम्मीद है। बिलासपुर रेंज के आईजी डॉ. संजीव शुक्ला सोमवार की सुबह कोरबा पहुंचे और घटनास्थल लालूराम कालोनी टीपी नगर में सराफा व्यवसायी स्व.गोपाल राय सोनी के निवास पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने स्व.गोपाल के पुत्र से घटना की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि घटना को लेकर पुलिस की अलग-अलग टीमें पतासाजी में जुटी हुई हैं और फरार आरोपितों को जल्द पकड़ने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि पुलिस हर संभव कोशिश कर रही है कि आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। इस बीच, सराफा व्यवसायी स्व.गोपाल राय सोनी के परिजनों ने पुलिस से मांग की है कि आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उन्हें कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने बताया कि स्व.गोपाल राय सोनी एक सम्मानित व्यक्ति थे और उनकी हत्या को लेकर पूरे शहर में आक्रोश है।

### प्रतापगढ़ : पुलिस मुठभेड़ में बदमाश के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत बहरिया अण्डरपास ग्राम धीमी के पास थाना हथिगवां पुलिस से हुई मुठभेड़ में रविवार की रात गैंगस्टर के आरोपित के पैर में गोली लगी और गिरफ्तार कर लिया गया। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ ले जाया गया है। एक बदमाश मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है। प्रयागराज में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट के लगभग सात मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा अजीत सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक हथिगवां नंदलाल सिंह ने थाना हथिगवां क्षेत्रान्तर्गत बहरिया अण्डरपास ग्राम धीमी के पास चेकिंग कर रहे थे। पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर लूटेरा हिमांशु यादव निवासी दलापुर मजरा कांटी अखैबरपुर थाना हथिगवां के पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार किया गया। एक बदमाश अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा । आत्म सुरक्षार्थ पुलिस टीम ने जबाबी फायरिंग में हुई मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय शातिर अभियुक्त हिमांशु यादव के बाएं पैर के घुटने के नीचे गोली लगी है। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, जिंदा कारतूस बरामद किया गया । घायल अभियुक्त को उपचार के लिए सीएचसी कुण्डा भेजा गया था, जहां से जिला अस्पताल ले जाया गया है। चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन अपराधों के मुकदमें दर्ज है ।

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर हैदराबाद से गिरफ्तार

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर मर्डर केस में एसआईटी की टीम ने रविवार की देर रात मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया है। अब आरोपित को पुलिस हैदराबाद से बीजापुर लाने की तैयारी कर रही है । एसआईटी के प्रमुख पुलिस अधिकारी मयंक गुर्जर ने इसकी पुष्टि की है ।

आरोपित सुरेश चंद्राकर की पत्नी को भी पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्या मामले में रविवार की शाम कांकेर से हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ जारी है। घटना के बाद से ही आरोपित ठेकेदार सुरेश चंद्राकर फरार था। अधिकारियों ने बताया है कि इस मामले में सुरेश चंद्राकर के भाई रितेश चंद्राकर और दिनेश चंद्राकर तथा सुपरवाइजर महेंद्र रामटेके को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है । स्वतंत्र



पत्रकार मुकेश चंद्राकर (33 वर्ष ) एक जनवरी को लापता हो गए थे तथा उनका शव तीन जनवरी को बीजापुर शहर के चट्टानपारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की संपत्ति के सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया था।

राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दावा किया था कि मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर का संबंध कांग्रेस से था। जबकि , कांग्रेस ने दावा किया कि सुरेश चंद्राकर हाल में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए थे।

## मेड की हत्या कर लाश पार्क में फेंकने का आरोपित चचेरा फूफा मुठभेड़ में गिरफ्तार

एजेंसी

**गाजियाबाद।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के पोडियम पार्क में चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में कौशांबी पुलिस ने रविवार रात में हत्या के आरोपित चचेरे फूफा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। गोली से आरोपित घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमन्चा मय जिन्दा कारतूस, खोखा कारतूस व रक्तरंजित चाकू बरामद किया है। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर 2024 की रात में सोनी (20) नाम की एक युवती की रक्तरंजित लाश कौशांबी थाना क्षेत्र स्थित पोडियम पार्क में बरामद हुई थी। सोनी के परिजनों ने उसकी पहचान करते हुए उसके चचेरे फूफा पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस तभी से आरोपित की तलाश कर रही थी।

रविवार की रात में थाना कौशांबी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी सेक्टर 2/5 वैशाली की पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया, जिसे रुकने के लिये कहा तो यह एलिवेटिड रोड के नीचे कच्ची सड़क पर भागने लगा। शक होने पर उसका पीछा किया गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी की फायरिंग में युवक को पैर में गोली लगी। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नीरज निवासी भोवापुर थाना कौशाम्बी बताया। वह कल्याणपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर का मूल निवासी है।

आरोपित नीरज ने बताया कि मैं सोनी का रिश्ते में चचेरा फूफा लगता हूँ। मेरी शादी को करीब 13-14 साल हो गये है। मेरे 04 बच्चे हैं। मैं अपने परिवार के साथ भोवापुर में करीब पांच साल से रह रहा हूं और सेक्टर 68 नोएडा में कपड़े सिलने का काम करता हूँ और भोवापुर में भी घर पर सिलाई का काम करता हूँ। सोनी कौशाम्बी में कोठियों में काम करती थी। उसके बाद मेरे साथ सिलाई का काम भी करती थी। हमें साथ काम करते हुए करीब 05 साल हो गये थे। सोनी और मेरी नजदीकियां काफी बढ़ चुकी थीं। मैंने सोनी के साथ कई बार उसकी मर्जी से शारिरिक सम्बंध बनाये थे, लेकिन कुछ दिन पहले सोनी की शादी फरीदाबाद से तय हो गयी थी। सोनी को अपना होने वाला पति पसन्द नही था। सोनी मुझ पर शादी करने का दबाव बनाने लगी थी। मेरे मना करने पर आत्महत्या करने व मुझे जेल भिजवाने की धमकी देने लगी थी। 31 दिसंबर को सोनी ने मुझे आत्महत्या की धमकी देते हुए मिलने के लिये बुलाया, जिसके बाद मैं मिलने के लिये गया और हम दोनों पोडियम पार्क वैशाली चले गये। वहां पर सोनी मुझ पर शादी करने का दबाव बनाने लगी और कहने लगी कि मुझे अभी भगाकर ले चलो। अपना परिवार व अपने बच्चों को बर्बाद होने के डर से मैंने चाकू से सोनी पर ताबड़तोड़ वार कर दिये। जब मुझे लगा कि सोनी मर गयी है तब मैं सोनी को छोड़कर अपनी फैक्ट्री नोएडा वापस भाग गया था। आज मैं घटना में प्रयुक्त चाकू को नष्ट करने आया तो पुलिस ने पकड़ लिया।

## पटना में अनशन पर बैठे प्रशांत किशोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पटना।** पटना के गांधी मैदान पर दो जनवरी शाम से आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर व कुछ अन्य को आज सुबह लगभग चार बजे बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समर्थकों का आरोप है कि उन्हें जबरन हिरासत पर लिया गया। पार्टी ने दावा किया कि किशोर को पुलिसवालों ने थप्पड़ भी मारा।

जन सुराज पार्टी ने कहा कि किशोर ध्वस्त शिक्षा व्यवस्था और परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे थे। पुलिस उन्हें एंबुलेंस में बैठाकर अज्ञात जगह पर ले गई। बताया गया है कि प्रशांत ने इलाज कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि उनका अनशन जारी रहेगा। उधर, प्रशांत किशोर की गिरफ्तारी के विरोध में समर्थकों ने



सड़क पर हंगामा किया है। हंगामे का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। पटना जिला प्रशासन ने कहा है कि प्रशांत किशोर को आज सुबह 3:45 बजे उनके कुछ समर्थकों के साथ गिरफ्तार किया गया है। सभी पूरी तरह स्वस्थ हैं। विधिक प्रक्रिया के तहत कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की औपचारिकता पूरी की जा रही है। प्रशासन ने कहा कि प्रशांत किशोर एवं कुछ अन्य लोग पांच सूत्री मांगों को लेकर प्रतिबंधित क्षेत्र गांधी मैदान में गांधी प्रतिमा के समक्ष अवैध ढंग से धरना दे रहे थे। प्रशासन ने उन्हें वहां से हटकर धरना के लिए निर्धारित स्थल गर्दनीबाग जाने का नोटिस दिया था। इस संबंध में गांधी मैदान थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। अनेक बार आग्रह करने और पर्याप्त समय देने के बाद भी प्रतिबंधित क्षेत्र को खाली नहीं किया गया। इसलिए आज सुबह उन्हें कुछ समर्थकों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने जांच एजेंसी के खिलाफ खोला मोर्चा

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने भ्रष्टाचार जांच कार्यालय की हिरासत से बचने के लिए कानूनी मोर्चा खोल दिया। येओल के वकीलों ने सोमवार को महाभियोगाधीन राष्ट्रपति को हिरासत में लेने के वारंट को निष्पादित करने के पिछले सप्ताह के प्रयास पर राज्य भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसी के प्रमुख और 10 अन्य लोगों के खिलाफ अभियोजन पक्ष में शिकायत दर्ज कराई है। वकील युन गैप-ग्यून ने यह जानकारी दी। द कोरिया टाइम्स समाचार पत्र के अनुसार, उच्च अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने शुक्रवार को यून के हिरासत वारंट पर तामील करने की कोशिश की। राष्ट्रपति आवास पर सुरक्षा कर्मचारियों के साथ एक घंटे तक टकराव हुआ। अब येओल के वकीलों ने सीआईओ प्रमुख ओह डोंग-वून और अन्य के खिलाफ सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट अभियोजक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में दावा किया गया कि सीआईओ ने राष्ट्रपति को हिरासत में लेने और उसके आवास की तलाशी लेने के लिए अवैध रूप से वारंट निष्पादित किया।

## महाकुंभ में 16 जनवरी से होगा मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी का अभ्यास वर्ग

**महाकुंभनगर।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की अखिल भारतीय मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी का तीन दिवसीए अभ्यास वर्ग महाकुंभ प्रयागराज के मेला क्षेत्र में 16 जनवरी से शुरू होगा। इस अभ्यास वर्ग में देशभर के सभी प्रान्तों से विहिप से जुड़ी हुई मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी की बहनें हिस्सा लेंगी। अभ्यास वर्ग में अपेक्षित बहनें 15 जनवरी को प्रयागराज पहुंच जायेंगी। यह जानकारी दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा महाला ने दी।

पहले दिन 16 जनवरी को नेतृत्व क्षमता व वक्ता कार्यशाला का आयोजन होगा। इस सत्र में मातृशक्ति की राष्ट्रीय संयोजिका मीनाक्षी पेशवे व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र प्रचार प्रमुख व राष्ट्रधर्म के निदेशक मनोजकांत संबोधित करेंगे। वहीं 17 जनवरी को संगठनात्मक प्रशिक्षण दिया जायेगा। अभ्यास वर्ग का समापन में 18 जनवरी को विहिप से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम की तैयारी के लिए दुर्गा वाहिनी की बहनों को लगाया गया है।

**महिला सम्मेलन 19 जनवरी को :** महाकुंभ प्रयागराज मेला क्षेत्र में 19 जनवरी को महिला सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इस महिला सम्मेलन में मेरठ व लखनऊ क्षेत्र की महिलाएं शामिल होंगी। इस सम्मेलन में महिलाओं से जुड़े विषयों जैसे सुरक्षा,स्वावलंबन पर चर्चा होगी।

**साध्वी सम्मेलन 25 जनवरी**

महाकुंभ में 25 जनवरी को साध्वी सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में विविध मत पंथ सम्प्रदाय से जुड़ी साध्वी हिस्सा लेंगी। विहिप से जुड़े समस्त कार्यक्रम महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्थित विहिप शिविर में संचालित होंगी।

## शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव, सीमित दायरे में सेंसेक्स और निफ्टी की चाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान लगातार उतार चढ़ाव होता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी, लेकिन बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लाल निशान में गिर गए। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिससे इन दोनों सूचकांकों की स्थिति में सुधार होता हुआ नजर आने लगा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.13 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाइटन कंपनी, बजाज फाइनेंस,



बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजी और इन्फोसिस के शेयर 1.59 प्रतिशत से लेकर 0.70 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा, बीपीसीएल, कोल इंडिया और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 2.12 प्रतिशत से लेकर 1.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,418 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 650 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,768 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 58.54 अंक की मजबूती के साथ 79,281.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक गिर कर लाल निशान में 79,004.93 अंक तक पहुंच गया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 103.90 अंक की तेजी के साथ 79,327.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 41.05 अंक की बढ़त के साथ 24,045.80 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में 23,911.45 अंक तक गोता लगा दिया। हालांकि सुबह 10 बजे के बाद बाजार में खरीदारी का जोर बनता हुआ नजर आया, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी सुधार होने लगा। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 10.90 अंक की मजबूती के साथ 24,015.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 720.60 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 79,223.11 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 183.90 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,004.75 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## गंगासागर मेले के दौरान बांग्लादेशियों की घुसपैठ रोकने के लिए बंगाल में सुरक्षा कड़ी

**कोलकाता।** गंगासागर मेले के दौरान बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ की संभावित कोशिशों को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार को सतर्क किया गया है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप पर बड़ी भीड़ का फायदा उठाकर तटीय सीमाओं से घुसपैठ की जा सकती है। इस अलर्ट के बाद सुंदरबन जिले की पुलिस, जिसके अधिकार क्षेत्र में सागर द्वीप आता है, ने मेले के तटीय प्रवेश बिंदुओं पर कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने का फैसला किया है। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सागर द्वीप के दो प्रमुख तटीय प्रवेश बिंदु काकद्वीप का लॉट नंबर 8 और नामखाना का चेमागुरी हैं। गंगासागर मेले के लिए कुल 13 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। खुफिया अलर्ट के बाद इन बिंदुओं पर विशेष सुरक्षा दी जा रही है। सागर द्वीप के आसपास के तटीय इलाकों में पुलिस की गश्त लगातार जारी रहेगी।

न्यूज ब्रीफ



## डहरे टुसू पर्व झारखंडी संस्कृति का प्रतीक : केशव महतो कमलेश

**सरायकेला:** कुड़मी समाज द्वारा अपनी संस्कृति संरक्षण के उद्देश्य से रविवार को डहरे टुसू परब का आयोजन किया गया। जिसमें गम्हरिया से साकची तक सड़कों पर जन सैलाब उमड़ पड़ा। डहरे टुसू में शामिल होने आदित्यपुर फुटबॉल मैदान के पास आयोजित कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पहुंचे। जहां उन्होंने डहरे टुसू को झारखंड की सभ्यता संस्कृति का परिचायक बताया।

केशव महतो कमलेश ने कहा कि डहरे टुसू की शुरूआत टुसू पर्व से पूर्व की जाती है। टुसू पर्व तक लोग नई फसल के स्वागत में खेत खलिहान में नाचते झूमते हैं। यह परंपरा अब गांव से शहर की ओर आ रही है। जिसे हम सभी को स्वागत करना चाहिए। पूर्व से घोषित कार्यक्रम के तहत कुड़मी समाज के आह्वान पर दिवंगत सांसद सुनील महतो के गम्हरिया समाधि स्थल से साकची आम बागान तक विशाल रैली निकाली गई। जिसमें ढोल मांदर के थाप पर लोग थिरकते दिखे। कुड़मी समाज द्वारा अपने सभ्यता और संस्कृति बचाव के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। गम्हरिया से आदित्यपुर होते हुए जनसैलाब जमशेदपुर साकची आम बागान के लिए प्रस्थान किया। इधर आदित्यपुर फुटबॉल मैदान से झामुमो नेता सह कुड़मी सेना टोटोमिक के केंद्रीय अध्यक्ष लालटू महतो के नेतृत्व में भी विशाल जन समूह का जुटान कर रैली निकाली गई। जहां डीजे की धुन पर कुरमाली संगीत पर महिलाएं नृत्य करती दिखी। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष लालटू महतो ने बताया कि डहरे टुसू हमारी कला और संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि इसे व्यापक प्रचारित कर जन-जन तक पहुंचाने की मुहिम है। आदिवासी मूलवासी समाज की सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखने के साथ आगे बढ़ना है।

## सरायकेला खरसावां के डीडीसी प्रभात कुमार बरदियार हुए सेवानिवृत

बिनय मिश्रा



**झारखंड** प्रशासनिक सेवा के लोकप्रिय कर्मठ एवं अपने उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले सरायकेला खरसावां के उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार सेवानिवृत हो गए सरायकेला खरसावां में अपने पदस्थापनाकाल में उनके द्वारा बेहतर विकास और जिला के विकास कार्यों को गति देने के फल स्वरुप जिला को उत्कृष्ट पहचान दिलाने में उनकी अहम भूमिका रही थी लोकप्रिय कर्मठ एवं अपने प्रशासनिक दक्षता के फल स्वरुप वे सरायकेला खरसावां जिला को बेहतर जिला बनाने में सफल रहे । श्री बरदियार इससे पूर्व साहिबगंज के भी लोकप्रिय डीसी रह चुके हैं श्री बरदियार की यह विशेषता रही है कि वह जहां भी पदस्थापित रहे अपने बेहतर कार्यों से विभाग और जिला को भरपूर विकास गति दी है इसी का यह परिणाम है कि झारखंड में उन्हें लोकप्रिय अधिकारी की संज्ञा मिली हुई है प्रशासनिक सेवा में आने के साथ ही सेवानिवृत्ति की तिथि भी तय हो जाती है अधिकारी अपने बेहतर कार्य के फलस्वरुप हमेशा लोकप्रिय अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं उन्ही अधिकारियों में प्रभात कुमार बरदियार भी शामिल है मिलनसार मृदभाषी एवं जनप्रिय अधिकारी के रूप में उनके द्वारा किए गए कार्य  लिए साहिबगंज और सरायकेला खरसावां में अब भी लोग उन्हें याद करते हैं।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं, मछली उत्पादन से अपनी आमदनी बढ़ाएं: जीनत फातिमा



**रांची/झींकपानी (पश्चिम सिंहभूम)।** मत्स्य विभाग के तत्वावधान में रविवार को पश्चिम सिंहभूम के झींकपानी प्रखंड अंतर्गत नवागांव ग्राम में एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में काफी संख्या में नवागांव के मत्स्य पालकों व मोती पालन करने वाले मत्स्य कृषकों ने भाग लिया। संगोष्ठी में उपस्थित मत्स्य कृषकों को मत्स्य प्रसार पदाधिकारी जीनत फातिमा ने संबोधित किया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को मत्स्य पालन से जुड़कर झारखंड को मछली उत्पादन में आत्म निर्भर बनाने में सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मत्स्य विभाग की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाएं और अपनी आमदनी बढ़ाएं। संगोष्ठी में प्रगतिशील मत्स्य कृषक व मोती पालक बुधन सिंह पूर्ति ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि मनुष्य अगर अपने उद्देश्यों के प्रति प्रयत्नशील रहे तो असंभव कार्य भी संभव हो सकता है। श्री पूर्ति ने बताया कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बावजूद झारखंड राज्य में मोती पालन से अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में झारखंड के हजारीबाग जिला को मोती पालन हेतु क्लस्टर जिला चयनित किए जाना झारखंड के गौरव की बात है। यह राज्य की बड़ी उपलब्धि है। श्री पूर्ति ने मोती पालन हेतु मत्स्य कृषकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि वह चाईबासा में पले-बढ़े। इसलिए अपने गांव और चाईबासा जिले को मोती पालन में झारखंड में अग्रणी जिला बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। संगोष्ठी में उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए पशु चिकित्सक डॉ. बबलू सुन्डी ने कहा कि मोती पालन किसानों की आर्थिक समृद्धि बढ़ाने में सहायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि कृषि,पशुपालन व  मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं में जितना श्रम लगता है, उससे कम मेहनत में मोती पालन कर  आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने समेकित मत्स्य पालन एवं किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में  विस्तृत जानकारी दी। वहीं मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने गोष्ठी में उपस्थित मत्स्य कृषकों को संबोधित करते हुए समेकित मत्स्य पालन के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने  मत्स्य पालन व मोती पालन के प्रति अभिरुचि विकसित करने के लिए मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार, धुर्वा से प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की। उन्होंने  प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, एनएफडीबी पोर्टल और केसीसी के बारे में मत्स्य कृषकों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस अवसर पर मोती पालक विश्वनाथ तामसो य, मुंडा मोरन सिंह तमसोय सहित काफी संख्या में नवागांव के मत्स्य पालकों ने भाग लिया। संगोष्ठी को सफल बनाने में मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी जीनत फातिमा, मत्स्य निदेशालय के कर्मी नंदन झा सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### गुमला में ऐतिहासिक शौर्य सह साहसिक यात्रा

# हजारों की उपस्थिति ने हिंदू एकता का दिया संदेश

मेट्रो रेज

**गुमला :** गुमला विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वाधान में आज गुमला नगर में ऐतिहासिक शौर्य सह साहसिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में गुमला जिले के 12 प्रखंडों से हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा का मुख्य आकर्षण कोरबा समाज के लोग रहे, जिन्होंने अपनी परंपरागत वेशभूषा और शस्त्रों के साथ अपनी संस्कृति और जीवन शैली का परिचय दिया।



यात्रा लक्ष्मण नगर स्थित लिप्टस बगीचा से आरंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लोहरदगा रोड स्थित बस डिपो में सभा के साथ संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने जात-पात से ऊपर उठकर हिंदू एकता और सनातन संस्कृति के महत्व पर बल दिया। यात्रा का मार्ग लिप्टस बगीचा, जशपुर रोड, महावीर चौक, शहीद चौक, पालकोट रोड, सिसई रोड, थाना चौक, लोहरदगा रोड होते हुए हनुमान मंदिर बस डिपो दुंदरिया तक रहा।

**नेतृत्व और उद्देश्य :** बजरंग दल के प्रदेश संयोजक रंगनाथ महतो ने इस साहसिक यात्रा का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना बताया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा श्री राम जन्मभूमि आंदोलन की स्मृतियों को जनमानस में ताजा करने और कोरबा समाज के योगदान को सम्मानित करने के लिए आयोजित की गई है। महतो ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान गुमला जिले के 200 से अधिक धनुषधारी कोरबा समाज के लोग अयोध्या पहुंचे थे, जो गुमला के गौरवशाली इतिहास को दर्शाता है।

# प्लस टू विद्यालय में करियर काउंसलिंग सह कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड क्षेत्र के रन्हे स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू विद्यालय में केरियर काउंसलिंग सह कुशल मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि विभाग के सहायक  निदेशक श्रवण खलखो व विशिष्ट अतिथि नेतरहाट विद्यालय के खेल शिक्षक बसंत तिर्की ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए श्रवण खालखो ने कहा किसी भी क्षेत्र में अपना करियर बनाने और अपने लक्ष्य को पूरा करने के पीछे त्याग परिश्रम व अनुशासन छुपा होता है अनुशासित होकर परिश्रम करो आप सभी को सफलता अवश्य मिलेगी ।

उन्होंने कहा आज के वर्तमान परिवेश विद्यार्थियों को उनके मार्ग से भटकने के लिए बहुत सारी संसाधन मौजूद है इन संसाधनों से आप दूर रहें।

वही श्रवन खालखो दसवीं के छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप कड़ी से कड़ी की मेहनत करो और आने वाले मैट्रिक के परीक्षा में सफल होकर अपने अभिभावकों को एवं विद्यालय के नाम को रोशन करो।

वहीं विशिष्ट अतिथि बसंत तिर्की ने कहा पढाई के साथ-साथ अपने शारीरिक गतिविधि भी ठीक रखें। क्योंकि यह कहा जाता है स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन का वास होता है जब आप तंदुरुस्त रहेंगे तब आप अपने पढ़ाई को अच्छे ढंग से कर सकेंगे उन्होंने एनसीसी के बारे में बच्चों को विस्तार पूर्वक बताया इनके अलावा कल्याणकारी मानव विकास संस्थान की सचिव अनिरुद्ध चौबे एवं कनिय अभियंता सुनील उरांव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहां की ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में होते रहने से बच्चे अपने लक्ष्य के प्रति जागरूक होंगे तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करेंगे वही कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार साहू ने किया तत्पश्चात 20 वृद्ध असहाय के बीच श्री साहू ने कमल का वितरण किया इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय की शिक्षिका रश्मि टोप्पो मीना देवी शोषण सुरीन रीना रोशन आरती निधि प्रेमचंद सहित अन्य शिक्षक शिक्षिका अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कुएं में गिरकर एक व्यक्ति की हुई मौत



**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना के नवडीहा महुवाटोली में कुवें में गिरने से मंगरु उरांव 40 वर्ष की मौत हो गयी। घटना शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे की है। मंगरु उरांव , घटना से दो दिन पूर्व अपने ससुराल नवडीहा महुवाटोली आया था और शनिवार की रात शौच जाने की बात कह निकला लेकिन काफी देर तक वापस नही लौटा तो ससुर राजदेव भगत सहित घर के अन्य सदस्य अपने दामाद मंगरु की काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नही चल सका। रविवार के सुबह मंगरु का शव घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने ही कुवें में देखा गया। प्रतीत होता है कि कुवें में मुंडेरा नही होने एवं रात के अंधेरा होने के कारण मंगरु उक्त कुवें में  गिर गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर रविवार को घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें अपने दलबल के साथ उक्त घटना स्थल पर पहुँचकर उक्त शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया,जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

घाघरा थाना के नवडीहा महुवाटोली में कुवें में गिरने से मंगरु उरांव 40 वर्ष की मौत हो गयी। घटना शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे की है। मंगरु घटना से दो दिन पूर्व अपने ससुराल नवडीहा महुवाटोली आया था और शनिवार की रात शौच जाने की बात कह निकला लेकिन काफी देर तक वापस नही लौटा तो ससुर राजदेव भगत सहित घर के अन्य सदस्य अपने दामाद मंगरु की काफी खोजबीन की लेकिन उसका पता नही चल सका। रविवार को सुबह मंगरु का शव घर से कुछ ही दूरी पर स्थित अपने ही कुवें में देखा गया। प्रतीत होता है कि कुवें में मुंडेरा नही होने एवं रात के अंधेरा के कारण मंगरु कुवें में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर रविवार को पुलिस घटना स्थल पहुँच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया।

# रांची जिला में राजद के दो  लाख सदस्य बनाने का लक्ष्यः मंत्री

### विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने ली राजद की  सदस्यता

**रांची :** रांची जिला में राष्ट्रीय जनता दल ने दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। साथ ही संगठन की मजबूती के लिए बूथ से लेकर प्रखंड स्तर पर  काम किया जाएगा। इसके लिए कार्य का बंटवारा जल्द होगा। उक्त बातें रविवार को राजद के बाईपास रोड बिरसा चौक स्थित प्रदेश कार्यालय में जिला राजद  की एक महत्वपूर्ण बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए झारखंड के कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कही। इसके पूर्व मंत्री श्री यादव के प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो की अगुवाई में श्री यादव का भव्य



स्वागत किया गया।बैठक की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष श्री महतो ने की। इस मौके पर विभिन्न दलों से आए नेताओं द्वारा राजद की सदस्यता ग्रहण करने पर मुख्य अतिथि ने उन्हें माला पहना कर पार्टी में आने का स्वागत किया । बैठक में रांची जिला राजद के विभिन्न प्रखंडों के अध्यक्ष व पदाधिकारी, जिला कमेटी के पदाधिकारी, सहित राजद की सदस्यता ग्रहण करने वाले कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे  बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, मनोज अग्रवाल, मुख्तार अंसारी, श्री राम भगत, सुदेश्वर ठाकुर, मिथिलेश पासवान, मोहम्मद जब्बार अंसारी, रमापति महतो, निरंजन महतो, जसवंत यादव, राम भजन सिंह, कमलेश कुमार, अजय कुमार यादव, सूरज कुमार, इस्माइल अंसारी, संजय ओझा, योगेंद्र यादव, सुधीर, राजकुमारी देवी, सुशीला देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

# बादल सिंह के हत्यारा को फांसी की मांग को लेकर क्षत्रिय समाज ने किया पुतला दहन

मेट्रो रेज

**रांची :** क्षत्रिय समाज द्वारा रांची यूनिवर्सिटी गेट से फिरायालाल तक आक्रोश मार्च के साथ पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस बाबत मीडिया द्वारा पूछे जाने पर आक्रोश मार्च में शामिल क्षत्रिय समाज की ओर से बताया गया कि बीते शुक्रवार 27 दिसंबर को बिहार के रोहतास जिले के डेहरी निवासी बादल सिंह अपने जन्मदिन के मौके पर दोस्तों के साथ बर्थडे पार्टी खुशी-खुशी मना रहे थे। लेकिन ट्रैफिक डीएसपी मोहम्मद आदिल बिलाल मौके पर पहुंचे व पार्टी में खलल डालने लगे, तथा अपने बॉडीगार्ड के साथ पहले अभद्र व्यवहार किया, फिर विरोध करने पर दोनों ओर से नोकझझोंक हुई। तब तक पार्टी मना रहे युवकों को पता नहीं था कि उनकी पार्टी में कोई पुलिस वाला पहुंचा है, चूंकि डीएसपी बॉडीगार्ड के साथ सादे लिबास में थे। बात बढ़ी तो बिना सोचे समझे डीएसपी व उनके बॉडीगार्ड द्वारा




अपनी पिस्तौल से अंधाधुंध फायरिंग की जाने लगी। इस घटना में बादल कुमार सिंह नामक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। विरोध प्रदर्शन में उपस्थित लोगों ने बताया कि सवाल उठता है कि देर रात यातायात डीएसपी बर्थडे पार्टी में क्यों पहुंचे थे? ट्रैफिक डीएसपी को तो सड़क पर यातायात व्यवस्था देखने का काम होता है, लेकिन वह अपने कार्य क्षेत्र से अलग हटकर पार्टी में कैसे पहुंच गए? कहा कि यदि डीएसपी को किसी तरह का कुछ शक भी था तो स्थानीय पुलिस को सूचना देते, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया? ऐसे में ट्रैफिक डीएसपी की कार्य शैली पर सवाल उठता है? उन्होंने कहा कि आरोपी डीएसपी पर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने की बजाय छुट्टी पर भेज दिया जाता है, जब रक्षक हीं भक्षक बन जाए,यह पुलिस प्रशासन की कैसा न्याय है? हम सभी क्षत्रिय समाज बिहार सरकार व पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द आरोपी ट्रैफिक डीएसपी मो० आदिल बिलाल को बर्खास्त कर 302 की मुकदमा दर्ज कर, त्वरित कार्रवाई करते हुए फास्ट ट्रैक के तहत फांसी की सजा सुनाई जाए। नहीं तो हम क्षत्रिय समाज अपनी स्वाभिमान, रक्षा व न्याय के लिए झारखंड बिहार में ही नहीं पूरे देश में क्षत्रिय समाज पुरजोर तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

आक्रोश मार्च में मुख्य रूप से श्री राम सिंह ,प्रोफेसर डॉ धीरज सिंह सूर्यवंशी ,राणा हर्ष वीर सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, रमाकांत सिंह, श्याम किशोर सिंह, बलराम सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, सुनील कुमार सिंह, राजेश सिंह ,दिलीप सिंह, बीके सिंह ,संतोष सिंह ,संजय सिंह, संजीव सिंह, राणा प्रिया रंजन सिंह, अशोक सिंह, अमूल्य सिंह पिंटू, नागेश्वर सिंह ,मुकुल सिंह, विनोद सिंह, राहुल सिंह, कारण सिंह,राजकीय राजकुमार सिंह, प्रवीण सिंह, सुनील कुमार सिंह, कमलकांत सिंह,  संजीव सिंह ,विनोद सिंह ,रंजय कुमार सिंह सहित क्षत्रिय समाज के सैकड़ो युवा, महिला, बुजुर्ग के साथ विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक वर्गों के बुद्धिजीवी, गणमान्य लोग शामिल रहे।